दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2020, आश्विन शुक्ल पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-257 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

हर साल की तरह इस बार भी विजयादशमी मन गई। रावण के पुतले जल गए लेकिन उन रावणों का क्या जो सीता जैसी हमारी बेटियों की जान के दुश्मन बने हुए हैं। हमारे आस पास ही शराफत का चोला पहन कर रहने वाले ऐसे रावणों के कारण बेटियां न बच पा रही हैं और न ही पढ़ पा रही हैं। हरियाणा के वल्लभगढ़ में एक छात्रा की ऐसे ही एक रावण ने दिन दहाड़े अपहरण करने की कोशिश की और इसमें सफल नहीं हो पाया तो कॉलेज गेट के सामने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। पता नहीं ऐसे रावणों का आखिर कब अंत होगा?

खास-खबर

5 नवंबर को कृषि कानूनों के खिलाफ किसान संगठनों का चक्का जाम

नई दिल्ली (वार्ता)। अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति (एआईकेएससीसी) ने हाल ही में बने कृषि कानूनों के खिलाफ पांच नवंबर को देश व्यापी चक्का जाम करने का ऐलान किया है। एआईकेएससीसी से जुड़े और इसे समर्थन दे रहे करीब चार सौ किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने आज यहां बैठक की। बैठक में फैसला लिया गया कि पांच नवंबर को चक्का जाम कार्यक्रम के बाद 26 और 27 नवंबर को 'दिल्ली चलो, डेरा डालो, घेरा डालो' आँदोलन के जरिए केन्द्र सरकार पर किसान कानूनों को वापस लेने का दबाव डाला जाएगा।

पूछताछ के बाद फेसबुक इंडिया पॉलिसी हेड ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। फेसबुक एग्जक्यूटिव अंखी दास ने इस्तीफा दे दिया है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, सोशल साइट फेसबुक पर घृणास्पद स्पीचों को लेकर पक्षपात के हाल के विवादों में नाम सामने आने के बाद अंखी ने कंपनी में अपने पद से इस्तीफे दे दिया है। समाचार एजेंसी रायटर्स ने मंगलवार की शाम को यह खबर दी है।

कोरोना संक्रमण के नये मामले 40 हजार से नीचे आए

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में कोरोना वायरस संक्रमण की रफ्तार धीमी होती जा रही है और एक दिन में सामने आने वाले मामले 40 हजार से नीचे आ गए हैं और मृतकों का आंकड़ा लगातार दूसरे दिन 500 से नीचे रहा। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना 36,470 नए मामले सामने आए जबकि 63,842 लोगों ने इस महामारी को मात दी।

विशेष सत्र प्रारंभः छत्तीसगढ़ विधानसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच घमासान

सत्र के औचित्य, संसदीय सचिवों के अधिकार और किसान पर भिड़े

■ दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व मंत्री और पूर्व विधायकों को दी गई श्रध्दांजलि

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र आज प्रारंभ हुआ। सदन में प्रवेश करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक और संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे,वन मंत्री मोहम्मद अकबर व अन्य सदस्यों ने दिवंगत नेताओं को श्रध्दासुमन अर्पित किया। सदन में सभी ने पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, पूर्व मंत्री चनेश राम राठिया, अविभाजित मध्य प्रदेश के लुईस बेक, डॉ.चंद्रहास साहू, डॉ.राजेश्वरी प्रसाद त्रिपाठी, माधव सिंह ध्रुव, श्रीमती शशिप्रभा देवी और देवेन्द्र बहादुर सिंह को याद किया।

10 मिनट के लिए विस की कार्रवाई को विराम दिया गया फिर सत्र शुरु हुआ। जिसमें भूपेश सरकार व्दारा राज्य के किसानों के लिए नए कानून व विधेयक के लिए आहुत विशेष सत्र के औचित्य, संसदीय सचिवों के अधिकारों से लेकर किसानों के हितों पर विपक्ष ने गर्मागर्म बहस शुरु कर दिया। मालूम हो कि छत्तीसगढ़ सरकार केन्द्र के संशोधित कृषि बिल का विरोध कर रही है और इस विषय पर ही प्रमुख रूप से चर्चा होगी। हालांकि भाजपा इसका पुरजोर विरोध करने की तैयारी में हैं, लेकिन सदन में सदस्यों की संख्या बल के आधार पर सरकार जो चाहेगी वही तय होगा। सूबे के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विशेष सत्र क्यों, जब अध्यादेश ला सकते हैं तो!

रायपुर। विशेष सत्र पर भाजपा ने आसंदी से माँगी व्यवस्था.. विपक्ष ने कहा जब अध्यादेश ला सकते हैं तो विधेयक को पास करने के लिए विशेष सत्र क्यों, अध्यक्ष चरणदास महंत बोलें नियमों के अनुरूप विशेष सत्र आयोजित हुआ है। विधेयक को पास करने के लिए विशेष सत्र बुलाए जाने के मसले पर विपक्ष ने अध्यक्ष चरणदास महंत से विपक्ष ने व्यवस्था मांगते हुए अपेक्षा जताई कि, इसे परंपरा ना बनाया जाए। इस मसले पर औचित्य का प्रश्न उठाते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने सवाल उठाया कि विधेयक को पास कराने के लिए विशेष सत्र बुलाए जाने पर व्यवस्था का प्रश्न है। सरकार अध्यादेश ला सकती है, छ महिने के भीतर इसे पास कराया जा सकता है। प्रदेश के संसदीय इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। कोई विशेष आपदा हो, राज्य सरकार के पास पैसा ना हो, केंद्रीय विधेयक हो तब विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। यहां ऐसी कोई स्थिति नहीं है। अजय चंद्राकर बोले, सदन परंपराओं से भी चलता है, अध्यक्ष जी आपसे आग्रह है कि यह परंपरा ना बने, कृपया व्यवस्था के प्रश्न में इसे स्वीकार करें। विपक्षी हमलों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम ने औचित्य, अधिकार और किसान पर की विपक्ष की बोलती बंद

■ विशेष सत्र इसलिए ताकि जनता और किसान जान सकें : भूपेश

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। दिवंगत नेताओं को श्रध्दांजलि के बाद से ही सत्तापक्ष को विपक्ष हर मुद्दों पर घिरते दिखा। कभी सत्र के औचित्य, किसानों के हितों और विशेषाधिकार हनन से लेकर राजभवन तक के मामले में भाजपा विधायक दल सरकार पर तीखे तीर छोड़ता रहा। किसान संशोधन एक्ट सदन में प्रस्तावित करते हुए छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी(संशोधन) विधेयक 2009 क्रमांक 29 सन 2020) के पुरःस्थापन का प्रस्ताव किए और सदन से अनुमति लिए। तभी बीजेपी ने हंगामा शुरु कर दिया था और सरकार को अध्यादेश लाकर ही कानून में संशोधन के नियम व संसदीय प्रक्रिया का बखान करती दिखी। कई तीखे सवाल और सरकार को घेरने का भी विपक्ष ने खूब प्रयास किया।

सदन में विपक्षी हमले के बाद सीएम भूपेश बघेल ने दो टूक शब्दों में जब जवाब दिया तो सभी की बोलती बंद हो गई। विशेष सत्र के प्रायोजन पर सीएम ने कहा इसलिए बुलाया गया है ताकि संशोधन एक्ट पर चर्चा हो, और जनता जान सके किसान जान सके कि हम क्या कर रहे हैं और केंद्र का कानून किसान और उपभोक्ता के साथ क्या धोखा कर रहा है। सीएम ने यह भी साफ किया कि सत्र में कानून संशोधन का केंद्र के कानून से सीधे टकराव का नहीं है। विधानसभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विपक्ष ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंडी संशोधन में 7 संशोधन यह

- निजी मंडियों को डीम्ड मंडी घोषित किया जाएगा,
- राज्य सरकार के अधिसूचित अधिकारी को मंडी की जांच का अधिकार
- अनाज की आवाजाही निरीक्षण में जब्ती का अधिकार
- निजी मंडियों में अधिकारियों को भंडारण की तलाशी का अधिकार होगा,
- मंडी समिति और अधिकारियों पर वाद दायर करने का अधिकार
- इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म और आन लाइन भुगतान संचालन राज्य सरकार में बने नियम से होगा
- जानकारी छुपाने और गलत जानकारी देने पर 3 की सजा या 5 हजार जुर्माना का प्रावधान दूसरी बार गलती पर छह माह की सजा और 10000 जुर्माना किया जाएगा।

विधानसभा कार्यमंत्रणा समिति की हुई बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में आज विधानसभा के समिति कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक और संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे सहित समिति के सदस्य बैठक में उपस्थित थे।

भारत-अमेरिका के बीच हुआ बेका समझौता

नई दिल्ली (वार्ता)। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ चल रहे सैन्य गतिरोध के बीच भारत और अमेरिका ने आज यहां रक्षा क्षेत्र में सहयोग को और अधिक बढाने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बेका) पर हस्ताक्षर किये जिसके तहत भारत को अमेरिकी उपग्रहों से अतिसंवेदनशील सैन्य डाटा प्राप्त हो सकेंगे। दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों के बीच मंगलवार को यहां तीसरे मंत्री स्तरीय टू प्लस टू संवाद के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।

समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो तथा रक्षा मंत्री मार्क एस्पर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर मौजूद थे। रक्षा मंत्री श्री सिंह ने अमेरिका के साथ बेका समझौते को महत्वपूर्ण उपलब्धि करार देते हुए कहा कि वर्ष 2016 में लेमोआ और 2018 में कोमकासा समझौतों पर हस्ताक्षर के बाद यह समझौता इस दिशा में बड़ा कदम है।

बेका समझौता महत्वपूर्ण उपलब्धि : राजनाथ

नई दिल्ली (वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के साथ बेसिक एक्सचेंज एंड कॉपरेशन (बेका) समझौते को महत्वपूर्ण उपलब्धि करार देते हुए आज कहा कि इससे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को और मजबूती मिलेगी।

दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों के बीच मंगलवार को यहां तीसरे टू प्लस टऊ संवाद के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो तथा रक्षा मंत्री मार्क एस्पर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा विदेश मंत्री एस जयशंकर की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। श्री सिंह ने बाद में इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि करार देते हुए कहा कि वर्ष 2016 में लेमोआ और 2018 में कोमकासा समझौतों पर हस्ताक्षर के बाद यह समझौता इस दिशा में बड़ा कदम है। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसके अलावा बातचीत में इस बात पर सहमति बनी है कि भारत और अमेरिका एक दूसरे के रक्षा प्रतिष्ठानों पर जरूरत के अनुसार लायजन अधिकारियों को भेजेंगे।

निकिता मर्डर केस

दोनों आरोपी पुलिस रिमांड में भेजे गए

फरीदाबाद। हरियाण के फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ शहर में कॉलेज से पेपर देकर घर लौट रही छात्रा निकिता तोमर की मुस्लिम समुदाय के एक युवक तौसिफऔर उसके दोस्त रेहान द्वारा सोमवार शाम दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है।

अनलॉक दिशानिर्देशों में ढील नहीं

कंटेनमेंट क्षेत्रों में तीस नवम्बर तक लागू रहेगी पूर्णबंदी

नई दिल्ली। कोरोना के प्रकोप के मद्देनजर सरकार ने पूर्णबंदी के बाद विभिन्न गतिविधियों को खोलने की प्रक्रिया के तहत आज जारी नये दिशा निर्देशों में कोई नयी ढील नहीं दी है और कंटेनमेंट क्षेत्रों में पूर्णबंदी पहले की तरह जारी रहेगी। गृह मंत्रालय ने आदेश जारी कर कहा कि गतिविधियों को शुरू करने के बारे में 30 सितम्बर को जारी किये गये दिशा निर्देश तीस नवम्बर तक जारी रहेंगे।

कोरोना अभी खत्म नहीं : हर्षवर्धन

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने आज कहा कि कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण का खतरा अभी खत्म नहीं हुआ है इसलिए संक्रमण को उसके अंत के करीब मानकर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और लोगों को पूरी सतर्कता के साथ कोविड-19 अनुकूल व्यवहार का पालन करना चाहिए। डॉ हर्षवर्धन ने मंगलवार दिल्ली के मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के 150 समिति अध्यक्षों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से संवाद करते हुए उनसे कोरोना से बचाव के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के काम में जुट जाने का आग्रह किया।

चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट या शून्य के करीब रहेगी: वित्त मंत्री

नई दिल्ली। वित्त मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था में अब सुधार के संकेत दिखने लगे हैं। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर में गिरावट होगी या फिर शून्य के करीब रहेगी। उन्होंने कहा कि 2020-21 की पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था में 23.9 प्रतिशत की जबर्दस्त गिरावट आई है, जिससे पूरे वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी की वृद्धि दर नकारात्मक या शून्य के करीब रहेगी। सेरा वीक के भारत ऊर्जा मंच को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने कोरोना वायरस महामारी की वजह से 25 मार्च से सख्त 'लॉकडाउन लगाया था क्योंकि लोगों के जीवन को बचाना ज्यादा जरूरी था। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन की वजह से ही हम महामारी से निपटने के लिए तैयारियां कर सके।

भ्रष्टाचार का वंशवाद देश को कर रहा खोखला : मोदी

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भ्रष्टाचार से लड़ना किसी एक एजेंसी का काम नहीं है, बल्कि यह सामूहिक जिम्मेदारी है। विजिलेंस और एंटी करप्शन पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज देश के सामने भ्रष्टाचार का वंशवाद बड़ी चुनौती बन गया है। पीएम ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार, आर्थिक अपराध, ड्रग्स और मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवाद टेरर फंडिंग सभी आपस में जुड़े होते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि बीते वर्षों में देश करप्शन पर जीरो टॉलरेंस की अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है।

अब डीबीटी के माध्यम से गरीबों की मिलने वाला लाभ 100 प्रतिशत गरीबों तक सीधे पहुंच रहा है। अकेले डीबीटी की वजह से 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा गलत हाथों में जाने से बच रहे हैं। आज ये गर्व के साथ कहा जा सकता है कि घोटालों वाले उस दौर को देश पीछे छोड़ चुका है।

उपचुनाव | बिना जोगी परिवार के भी जीत के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है दोनो दलों को...

मरवाहीः भाजपा-कांग्रेस के बीच कड़ा संघर्ष

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कहने के बाद भी जिस तरह कांग्रेस मुक्त भारत नहीं हो पाया ठीक उसी तरह मरवाही विधानसभा में उपचुनाव भी कांग्रेस के भरपूर प्रयास के बाद भी जोगीमुक्त नहीं हो पाया। अमित जोगी और ऋचा जोगी के नामांकन ख़ारिज होने और डॉ रेणु जोगी की न्याय यात्रा पर रोक लगाए जाने के बाद भी उपचुनाव में जोगी इफेक्ट स्पष्ट नजर आ रहा है । चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बीच लगभग सीधा मुकाबला है लेकिन

आज की स्थिति में दोनो के बीच चुनावी जंग काफी टफ दिखाई दे रहा है । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की 3 दिनों तक तूफानी दौरा और आमसभा के बाद तस्वीर कुछ बदल सकती है ।

मरवाही विधानसभा के उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिला और नाम वापसी के बाद लगा कि 20 वर्षो बाद मरवाही का चुनाव जोगीमुक्त होगा लेकिन परिस्थितियां ऐसी बदली कि चुनाव चाह कर भी जोगीमुक्त नहीं हो पाया। अमित जोगी ने चुनाव को जोगीमुक्त करने कांग्रेस के सारे प्रयासों को विफ्ल कर दिया है। राजनीति और युद्ध में सब जायज है कहा जाता है इसी तर्ज पर प्रभारी मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने योजनाबद्ध ढंग से जोगी कांग्रेस के 3 विधायकों के कांग्रेस के सम्पर्क में होने की बात कही। इसके पीछे जोगी कांग्रेस के एक विधायक को संदिग्ध कर देना रहा क्योंकि पूरे चुनाव में जोगी कांग्रेस के इस विधायक का एक भी बयान न आना अपने आप में आश्चर्य कर देने वाला है। यहां तक कि प्रभारी मंत्री के बयान के बाद भी जोगी कांग्रेस के उक्त विधायक का कोई बयान नहीं आया। उनके मौन रहने को लेकर कई तरह की चर्चाएं है।

डॉ रेणु जोगी की मरवाही क्षेत्र में न्याय यात्रा पर रोक लगाने के पहले अमित जोगी पूरे विधानसभा में जो संदेश पहुंचाना चाहते थे उसमे काफी हद तक सफल हो चुके है यह अलग बात है कि मरवाही के मतदाता अमित जोगी और रेणु जोगी की अपील को कितनी गंभीरता से लेते है। यह तो निश्चित है कि जो बात अजीत जोगी में रही वह अमित जोगी में नहीं है और मतदाता भी इस बात को महसूस कर रहे है कि पिता ने जो प्रेम मरवाही की जनता से किया वैसी बात अमित जोगी में नहीं है।

अजीत जोगी पिछ्ला चुनाव 47 हजार वोटों से जीते थे और उसके निधन के बाद जोगी परिवार को उम्मीद थी कि उपचुनाव सहानुभूति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तेज रफ्तार कार ने 12 लोगों को रौंदा, बच्चे की मौत

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला के ग्राम मालगांव में सोमवार देर रात नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार कार मौत बनकर दौड़ी। तेज रफ्तार कार ने सड़क पर पैदल चल रहे 12 लोगों को रौंद दिया, इस दर्दनाक घटना में एक चार साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य घायल हो गए। जिसमें बुरी तरह से घायल चार लोगों को रायपुर रेफर किया गया है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने उक्त युवक के खिलाफ कार्यवाही किए जाने को लेकर मंगलवार को चक्काजाम कर दिया। वहीं मृत बच्चे के शव को बीच सड़क में रखकर शाम तक प्रदर्शन करते रहे। मामला गरियाबंद थाना क्षेत्र का है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ममता राठौर का बेटा अपने निजी कार में दोस्त के साथ सोमवार की देर रात ग्राम मालगांव की ओर निकला था। इस दरम्यान ग्राम मालगांव के कुछ ग्रामीणों से उसकी कहासुनी हो गई। बताया जाता है कि गुस्साए कांग्रेस नेत्री के बेटे ने ग्रामीणों को देख लेने की बात कहते हुए आगे कुछ दूर जाने के बाद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

ग्रामीणों ने मनाया दशहरा उत्सव

कुम्हारी। निकटवर्ती आदर्श ग्राम पहंदा (अ) में ग्रामीणों ने सार्वजनिक दशहरा उत्सव भव्य रूप से मनाया। कोरोना काल के इस दौर में अभाव में भी सुंदर उत्साहपूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक रूप से बाजार चैक पर दशहरा का आयोजन कर श्री बालकृष्ण मानस मंडली द्वारा रामायण पाठ किया गया। आयुष, आर्यन और कान्हा द्वारा श्रीराम लक्षण और हनुमान का मंचन कर रामलीला की गई। पश्चात अहंकारी रावण का पुतला दहन किया। इस अवसर पर जिपं सदस्य मोनू साहू, सरपंच मोहन साहू, उपसरपंच सुरेंद्र साह, बुधरु पाल, विश्वकर्मा प्रकाश यदु, भेनु साहू, रितेश यदु, कृष्ण, राजेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

पेनाल्टी में छूट

भिलाई। इस्पात संयंत्र द्वारा आबंटित आवास, दुकान एवं भूमि के विरुद्ध लंबित बकाया राशि के भुगतान हेतु प्रबंधन द्वारा एमनेस्टी स्कीम के माध्यम से बिलों के ब्याज एवं दुकान के पेनाल्टी राशि में क्रमशः 50 प्रतिशत एवं 20 प्रतिशत छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है। ऐसे बकायादारों को सरलता पूर्वक राशि भुगतान करने 01 से 30 नवम्बर तक विशेष योजना प्रारंभ किया जा रहा है। अतः ऐसे समस्त उपभोक्ताओं से अपील है कि निर्धारित अवधि के अंदर बकाया राशि का भुगतान करें।

10 महीने बाद 9 को होगी नगर निगम की पहली सामान्य सभा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम की सामान्य सभा की बैठक 9 नवंबर को होगी। सामान्य सभा की बैठक बीआईटी के ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे बैठक होगी। नगर निगम के आयुक्त इंद्रजीत बर्मन ने विभागीय अधिकारियों और निगम सचिव को सामान्य सभा की सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। सामान्य सभा में रखे जाने वाले सभी प्रकरणों का परीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं। सामान्य सभा की बैठक में ठगड़ा बांध सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव के साथ ही गंज मंडी शॉपिंग कॉम्पलेक्सए लाल बहादुर शास्त्री स्कूल व कॉम्पलेक्स निर्माण और वर्ष 2020.21 का बजट अंगीकार करने सहित अनेक विकास कार्यों के प्रस्तावों पर चर्चा के बाद निर्णय लिये जाएंगे। निगम महापौर पद के लिए 6 जनवरी को चुनाव हुआ था। इस दिन धीरज बाकलीवाल नए महापौर बने। इसके बाद मार्च में बजट बैठक होने से पहले ही लॉकडाउन घोषित कर दिया गया। इसके कारण बजट बैठक नहीं हो पाई। पूरे प्रदेश में निकायों में बजट पर चर्चा नहीं हो पाई। नई परिषद का गठन होने के लगभग 10 महीने बाद पहली बार 9 नवंबर को सामान्य सभा की बैठक होगी।

समृद्धि बाजार की 13 दुकानों का आवंटन निरस्त

निगम द्वारा महिला समृद्धि बाजार में आबंटित 13 दुकानों का आवंटन निरस्त कर दिया गया है। इन दुकानदारों ने काफी समय से निगम का किराया जमा नहीं किया था। दुकानों को सीलबंद कर निगम प्रशासन अपने आधिपत्य में लेने की कार्रवाई करेगा। निगम प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत् महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने महिला समृद्धि बाजार में दुकानें आबंटित की गई थी। महिला समृद्धि बाजार में आबंटित दुकानों के मालिक मधुलिका चौधरी, अम्बिका शर्मा, उषा मौर्य, सरोज उमरे, रीता दुर्गेश, उषा सोनी, शबनम अली, सरिता मिश्रा, रुखसार बानो, भावना तन्ना, रफत अंसारी, वर्षा ढिकोला, प्रभारे भरे द्वारा निगम का किराया जमा न करने पर कई बार सूचना नोटिस दी गई। इसके बाद भी किराया जमा नहीं किया। सभी दुकानों का आबंटन निरस्त व साथ ही बकाया वसूलने न्यायालयीन कार्यवाही की जाएगी।

महिलाओं का हौसला बढ़ाने 100 पैकेट का आर्डर

महापौर व विधायक यादव पहुंचे गोबर खरीदी केन्द्र

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव जोन 4 के अंतर्गत संचालित गोबर खरीदी केंद्र पहुंचे वहां पर उन्होंने गोबर से बन रहे विभिन्न उत्पादों को देखकर महिलाओं के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए फौरन 100 पैकेट दीया तैयार करने का ऑर्डर भी दे दिया। एक पैकेट में छोटी एवं बड़ी गणेश की प्रतिमा, कमल स्वरूप बना हुआ डेकोरेशन मूर्ति, छोटे एवं बड़े विभिन्न प्रकार का दीया सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना शासन की महत्वकांक्षी योजना है गोबर से वर्मी कंपोस्ट बनाने के साथ ही इनसे बने उत्पादों को तैयार कर महिलाएं अपने आय में वृद्धि कर रही है! महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए इस योजना से जोड़ा गया है ताकि इन्हें रोजगार मिले और इनकी आर्थिक स्थिति में और सुधार हो सके। महापौर यादव एवं निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी लगातार गोबर खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर रहे थे। खुर्सीपार में स्थित गोबर खरीदी केंद्र में महिलाएं प्रतिदिन 10 हजार दीया 1 दिन में तैयार करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। दीया के साथ ही दीपावली का त्यौहार को देखते हुए लक्ष्मी गणेश की प्रतिमाए और अन्य प्रकार की सीनरी इत्यादि बना रही है। समिति की अध्यक्ष भारती पखाले ने बताया कि महिलाओं ने छोटे.बड़े डेढ़ लाख दीया तैयार कर लिए हैं और लगभग एक लाख दीया खरीदी के लिए आर्डर मिल चुका है! उल्लेखनीय है कि कई पशु पालक पहले गोबर को इधर.उधर फेंक दिया करते थे परंतु शासन की महत्वकांक्षी योजना से जुड़कर आज लाभ अर्जित कर रहे हैं। इस दौरान कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर, उप अभियंता नितेश मेश्राम एवं चंद्रकांत साहू मौजूद रहे।

जोगी समर्थक का कांग्रेस में शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ की मरवाही सीट पर उपचुनाव की घोषणा के बाद ही यहां की राजनीतिक फिज़ा बदल गई है। प्रदेश कांग्रेस अपनी परंपरागत सीट पर बड़ी जीत की तैयारियां कर रही है। इसी के तहत मरवाही चुनाव के लिए प्रभारियों की घोषणा की गई। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू को भी मरवाही विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। श्री साहू ने प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने के बाद से ही यहां पर जोर शोर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाना शुरू कर दिया। प्रदेश के सीएम भूपेश बघेल, प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम के कार्यों से प्रभावित होकर व जितेन्द्र की अगुवाई में जोगी कांग्रेस के कट्टर समर्थक व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 94 वर्षीय कन्हैयालाल अनुरागी ने कांग्रेस प्रवेश किया। इस मौके पर श्री साहू ने कन्हैय्यालाल अनुरागी को कांग्रेस का गमछा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश कराया। इस मौके पर कन्हैय्यालाल ने कहा कि सरकार हर दिशा में अच्छा कार्य कर रही है। किसानों के हितों का ध्यान रखने के साथ ही हर वर्ग के लिए सरकार के प्रयास सराहनीय है। कांग्रेस प्रवेश कराने के दौरान श्री साहू ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के नेतृत्व में सरकार का कामकाज प्रभावशील है। श्री साहू ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि उनकी अगुवाई में प्रवेश हुआ।

सूर्या मॉल को 29 लाख के भुगतान हेतु भेजा नोटिस

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम जोन 01 क्षेत्रांतर्गत सूर्या ट्रेजर आइलैंड के स्व विवरणी की जांच निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर तीन सदस्यीय टीम ने की थी। जांच में स्व विवरणी असत्य पाई गई और काफी अंतर पाया। जांच में अग्रिम कार्रवाई करते हुए निगम ने 29 लाख 86 हजार 749 का नोटिस भुगतान करने सूर्या ट्रेजर आईलैंड के प्रबंधक को भेजा है। संपत्तिकर दाताओं के द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली स्व विवरणी उनके स्वयं के द्वारा भरकर प्रस्तुत की जाती है इसके आधार पर संपत्ति कर की राशि जमा की जाती है। निगम क्षेत्र में समय.समय पर स्व विवरणी का रेंडम जांच किया जाता है! 30 जुलाई 2020 को उपायुक्त तरुण पाल लहरें ने सूर्या मॉल के स्व विवरणी की सत्यता जांच करते हुए माप एवं गणना सहित प्रतिवेदन देने के लिए सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को पत्र प्रेषित किया था। भवन के पूरे मंजिलों का स्वीकृत मानचित्र के आधार पर सत्यापन करने के बाद स्व विवरणी के राशि की गणना की सत्यता जांच मौके पर पहुंचकर निगम की टीम ने की थी। स्व विवरणी में अंतर पाए जाने के बाद अब राशि के भुगतान के लिए निगम ने सूर्या मॉल को नोटिस भेज दिया है।

उद्योगों को मूलभूत सुविधायें देने सार्थक चर्चा

श्रमिकों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए औद्योगिक परिसरों में हो व्यवस्था

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला प्रशासन द्वारा औद्योगिक संघ के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें औद्योगिक परिसरों में साफ सफाई और मेंटेनेंस की समुचित व्यवस्था, औद्योगिक कार्यों हेतु पर्याप्त नगर निगम द्वार कमर्शियल कनेक्शन प्रदाय करने के विषय में भी चर्चा हुई। बैठक में अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे ने कहा कि औद्योगिक संघ से हुई चर्चा पश्चात मिले सुझावों पर राज्य स्तर पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। शासन के निर्देश थे कि कोविड संकट में श्रमिकों को काम से बाहर नहीं निकालना है अतः बैठक में आए प्रतिनिधियों से इस संबंध में जानकारी भी ली गई। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों उद्योग विभाग व सीएसआईडीस के अधीन में सड़कों को सुचारू रख.रखाव, निर्माण, संधारण की व्यवस्था के संबंध में औद्योगिक क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था व साफसफाई के संबंध में। नगर पालिका निगम क्षेत्रों में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित इकाईयों द्वारा संपत्ति कर भुगतान व निगम द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध मेंए औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों पर स्ट्रीट लाईट व्यवस्था व रख.रखाव के संबंध में औद्योगिक क्षेत्रों में वृक्षारोपण व्यवस्था के संबंध में औद्योगिक क्षेत्र में स्थित व कार्यरत इकाई में पर्यावरण संरक्षण हेतु निर्धारित मानकों के पालन के संबंध में औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित उद्योगों में श्रम कानूनों के प्रबंधन की स्थिति के संबंध में औद्योगिक क्षेत्रों में राज्य शासन के निर्देशानुसार अप्रयुक्त भूमि के सुचारू उपयोग के संबंध में और औद्योगिक क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण के संबंध में भी चर्चा की गई।

पेंशन वितरण प्रभावित होने पर सर्वे ने जताई नाराजगी

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। देर से ड्यूटी आने और निर्धारित समय के पहले लौटने वालों पर निगम प्रशासन सख्ती बरत रहा हैं। सोमवार को अपर कलेक्टर व आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने 3 कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए सवाल जवाब किया हैं। कर्मचारियों को नोटिस मिलने के तीन दिन भीतर लिखित में जवाब प्रस्तुत करना होगा। निगम आयुक्त व नोडल अधिकारी रमाकांत साहू स्वास्थ्य विभाग कार्यालय का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान कार्यालय में कर्मचारियों की मनमानी करने की बात सामने आई। दरअसल कुछ कर्मचारी अपने ड्यूटी समय के बाद आते और हस्ताक्षर कर घर लौट जा रहे थे। इस पर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए स्वास्थ्य विभाग प्रभारी जगरनाथ कुशवाहा को तत्काल शो.कॉज जारी करने के निर्देश दिए। 3 दिन के भीतर जवाब देना होगा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 20201010040070З/अ-02

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती रिता सोनेकर जौ. आनंद सोनेकर निवासी मोहन नगर आमापारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 845/573 रकबा 0.009 हें/ 1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400702/अ-02

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री फणिन्द्र भूषण साहू आ. कृष्णदास साहू निवासी ढाबा पो. भेड़सर जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 845/239 रकबा 0.023 हें/ 2500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400701/अ-02

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रमजान खां आ. महबूब खां निवासी प्रेमनगर सिकोलाभाठा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 845/235 रकबा 0.010 हें/ 1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400617

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका अनिता साहू जौ. ओमप्रकाश निवासी 14/सी एम पाकेट मरोदा भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 772/14 रकबा 0.020 हें/ 1764 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400456

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मोहम्मद सहाबुद्दीन असरफी आ. बदरुद्दीन असरफी निवासी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 56 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 545/5, 546/7, 548/8, 549/4, 550/11, 589/5, 590/2, 591/3, 592/4 रकबा 0.011 हें/ 1234 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400718

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती स्वपना थारेवाल जौ. राधेश्याम थारेवाल निवासी तह. भोकरदन जिला जालाना महाराष्ट्र द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 225/20 रकबा 0.030 हें/ 3282 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400069

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री संजय यादव आ. रेवाराम यादव निवासी हनोद तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम हनोदा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 491/10 रकबा 0.0110 हें/ 1235 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400315

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सुनीता पटनायक पति वेकटेश्वर राव पाटनायक निवासी रुआबांधा सेक्टर भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 28/39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 219/6 रकबा 0.012 हें/ 1400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202009101000152

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21

कोहका प.ह.न. 00019(3792/1(0.0200 हे.)

पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- गणेश राम

अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेश राम पिता स्व. घुरऊ पता- बोदेगांव गायत्री चौक द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 3792 रकबा 0.010 हे. जो उसके स्व माता पुरईन बाई पति स्व. घुरऊ एवं अन्य के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी श्रीमती पुरईन बाई पति स्व. घुरऊ की मृत्यु दिनांक 25.12.2013 को हो जाने के कारण मृतक का नाम विलोपित कर शेष खातेदारों का नाम यथावत् रखे जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 12.11.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.10.2020 को जारी किया गया है।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/2020-21

ई.पंजी.-202010101500008

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम पंदर प.ह.नं. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका सुगरीव चेलक पति स्व. राजेन्द्र चेलक अन्य 03 निवासी मगरघटा तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम पंदर प.ह.न. 35 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदिका के पति राजेन्द्र कुमार आ. देवचरण के नाम दर्ज भूमि ख.नं. 558 रकबा 0.75 हें मे दर्ज भूमिस्वामी का दिनांक 26.08.2020 को फौत होने से राजेव्द्र का नाम विलोपित कर अपने अन्य वैधवारिसानों का नाम फौती नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका सुगरीव चेलक पति स्व. राजेन्द्र चेलक द्वारा प्रस्तुत आवेदन उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 11.11.2020 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर पद मुद्रा आज दिनांक 19.09.2019 जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

मा.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21

ई.पंजी.-202010100700196

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उपन्नु अन्य 1 पिता मोहनलाल नामदेव साकिन सुभाषनगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 25 (अ) तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि कुल खसरा नं. 711/277 कुल रकबा 0.010 हे. भूमि का अभिलिखित नाबालिग शब्द को विलोपित कर बालिग दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 06.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.10.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

अ-06/वर्ष 2019-20

ई.पंजी.- 202010100700191

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका फराह इरशाद अहमद पति इरशाद अहमद निवासी ग्राम कैलाश नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 17/97 रकबा 0.0093 हें. भूमि को विक्रेता सैय्यद मारुफ आलम पिता सैय्यद तनवीर आलम निवासी ग्राम रेल्वे कालोनी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 14.10.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

अ-06/वर्ष 2019-20

ई.पंजी.- 202010100700197

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप श्रीवास्तव पिता स्व. आर.के. श्रीवास्तव निवासी ग्राम गयानगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 331/2 कुल 0.320 हे. मे से रकबा 0.236 हें. भूमि को पार्टनर श्रीमती तरुणिमा अन्य पिता/पति संदीप श्रीवास्तव निवासी ग्राम गयानगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16.10.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन
ई-कोर्ट	श्रीमती सरिता मिश्रा	रजिस्ट्रेशन नं. 202010100400508

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सरिता मिश्रा पति श्री नागेन्द्र कुमार मिश्रा, निवासी शिवाजी नगर वार्ड नं. 08 सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह.व जिला दुर्ग	2635/10	0.010 हें 1300 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

मुहर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

क्र.2185/प्र.4/अ.वि.अ./2020

पंजी. क्र. 202010100400686/अ-20(1)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ-4-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2020 एवं 26.10.2019 के तहत जारी निर्देशो के अनुसार नगरीय क्षेत्रों में रिक्त/अतिक्रमित शासकीय भूमि का आबंटन/ व्यवस्थापन शासन द्वारा निर्धारित प्रीमियम, भूभाटक पर किया जाना है। तहसील दुर्ग के नगरीय निकाय क्षेत्र नगर निगम दुर्ग अंतर्गत ग्राम गंजपारा मिलपारा दुर्ग प.ह.न. 24 स्थित भूमि खसरा नं. 524/5 रकबा 828 हे. मे से रिक्त भूखण्ड 828 वर्गफीट को भूमिस्वामित्व में प्राप्त करने/ अतिक्रमण का व्यवस्थापन करने निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा आवेदन पेश किया गया है।

क्र. आवेदक का नाम	पिता/पति	निवास/पता
1. श्री राज नारायण कन्नौजिया	श्री अशोक कुमार कन्नौजिया	वार्ड 36 रामदेव मंदिर नदी रोड तह.व जिला दुर्ग

अतः उक्त वर्णित भूमि को शासन द्वारा निर्धारित दर पर सूची में वर्णित व्यक्तियों को आबंटित/ व्यवस्थापित किए जाने में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अपने विधिक अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा/ आपत्ति कार्यालयीन दिवस एवं समयावधि में दिनांक 12.11.2020 तक पेश कर सकते है। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ आज दिनांक 22.10.2020 को जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

मुहर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

क्र.2429/प्र.4/अ.वि.अ./2020

पंजी. क्र. 202010100400689/अ-20(1)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ-4-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2020 एवं 26.10.2019 के तहत जारी निर्देशो के अनुसार नगरीय क्षेत्रों में रिक्त/अतिक्रमित शासकीय भूमि का आबंटन/ व्यवस्थापन शासन द्वारा निर्धारित प्रीमियम, भूभाटक पर किया जाना है। तहसील दुर्ग के नगरीय निकाय क्षेत्र नगर निगम दुर्ग अंतर्गत ग्राम मिलपारा दुर्ग प.ह.न. 56 स्थित भूमि खसरा नं. 21 रकबा 0.8780 हे. मे से रिक्त भूखण्ड 216 वर्गफीट को भूमिस्वामित्व में प्राप्त करने/ अतिक्रमण का व्यवस्थापन करने निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा आवेदन पेश किया गया है।

क्र. आवेदक का नाम	पिता/पति	निवास/पता
1. श्री आशुतोष श्रीवास	श्री विजय श्रीवास	वार्ड 36 गंजपारा तह.व जिला दुर्ग

अतः उक्त वर्णित भूमि को शासन द्वारा निर्धारित दर पर सूची में वर्णित व्यक्तियों को आबंटित/ व्यवस्थापित किए जाने में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अपने विधिक अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा/ आपत्ति कार्यालयीन दिवस एवं समयावधि में दिनांक 12.11.2020 तक पेश कर सकते है। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ आज दिनांक 22.10.2020 को जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

मुहर

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व मंत्री महेंद्र बहादुर सिंह के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट किया

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व मंत्री महेंद्र बहादुर सिंह के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। श्री महेंद्र बहादुर सिंह का बीती रात निधन हो गया। वे मंत्री, सात बार विधायक, राज्यसभा सांसद और छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर रहे। मुख्यमंत्री बघेल ने उनके शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

20 लाख 16 हजार 891 रुपये का टीएमटी स्ट्रीप चोरी, मामला दर्ज

रायपुर। शहर के औद्योगिक क्षेत्र में टीएमटी स्ट्रीप एवं अन्य लौह सामाग्री की चोरी में वृद्धि देखी जा रही है। उरला थाने से मिली जानकारी के अनुसार गणपति इस्पात उरला वालफोर्ट सिटी भाठागांव के कारखाने से अज्ञात चोर द्वारा फैक्ट्री के समक्ष ट्रक क्रमांक सीजी 09 बी 0421 में लोडेड एमएस स्ट्रीप 20 एमटी जुमला कीमत 20 लाख 16 हजार 891 रुपये की चोरी की गई।

3 लाख 46 लाख 995 रुपये के जेवरात अज्ञात चोर ने किया पार, मामला दर्ज

रायपुर। घनी बस्ती क्षेत्र में स्थित मकान भी अब चोरों की नजर से नहीं बच पा रहे हैं। घनी आबादी क्षेत्र में खुलेआम चोरी करने की घटनाएं बढ़ रही है। टिकरापारा थाने से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी साहिस्ता परवीन पति मो. इस्माइल आयु 36 वर्ष के आवास से अज्ञात चोर ने घर में प्रवेश कर कमरे में रखी आलमारी का लॉकर तोड़कर 3 लाख 46 हजार 995 रुपये के जेवरात चुरा लिये।

शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने जान से मारने की मिली धमकी

रायपुर। शहर में नशेड़ियों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। शराब दुकान से शराब खरीदने के लिए पैसा भी लोगों से जोर जबरिया करके असामाजिक तत्वों द्वारा वसूला जा रहा है। नहीं देने पर शांतिप्रिय नागरिकों के साथ न केवल दुर्व्यवहार किया जा रहा है अपितु मारपीट कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उरला थाने से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जगदीश राम बंजारे निवासी सांई प्लास्टिक कंपनी कन्हेरा उरला से आरोपी सोनू एवं अवतार सिंह फोकट में शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर रहे थे। प्रार्थी द्वारा पैसा देने से इंकार करने पर आरोपियों ने न केवल प्रार्थी की जमकर पिटाई की अपितु उसे जान से मारने की धमकी दी।

वन विभाग के अंतर्गत जनघोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए समिति का हुआ गठन

रायपुर। कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक छत्तीसगढ़ अरण्य भवन सेक्टर 19 नार्थ ब्लाक नवा रायपुर से आदेश क्रमांक/नि.सहा./समन्वय/2020/ 7018 अतिरिक्त प्रमुख मुख्य वन संरक्षक द्वारा दिनांक 23 अक्टूबर को जारी आदेश के अनुसार वन विभाग के अंतर्गत जनघोषणाओं के बिंदुओं के कियान्वयन/पूर्ति के लिए समिति गठित की गई है। जारी आदेश में वनमंत्री के निर्देश पर उनकी अध्यक्षता में वन विभाग के अंतर्गत घोषणाओं के बिंदुओं के कियान्वयन के लिए गठित समिति की बैठक में कार्रवाई विवरण को निर्धारित समयावधि में कार्रवाई करने बाबत प्रस्तुत करने के निर्देश वन विभाग के प्रदेश के समस्त वनाधिकारियों को दिया गया है।

डोडा और अफीम के साथ दो महिला गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी रायपुर के राजेन्द्रनगर थाना अंतर्गत मेडिसाईन अस्पताल के पास पुलिस ने बीती रात में दो महिलाओं को डोडा और अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 26 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे मेडिसाईन अस्पताल के पास शोभा सोलानी पति प्रकाश 36 वर्ष और किरण चंदानी पति सुरेश 42 वर्ष के पास से 03 बोरी में भरा 38 किलो 400 ग्राम डोडा चुरा एवं बैग में रखे 10 किलो 42 ग्राम अफीम बरामद किया गया।

सदन में बवाल : विपक्ष ने दी विशेषाधिकार हनन की सूचना

वरियता क्रम में स्पीकर की तौहीन कर सांसदों को प्राथमिकता देने पर बवाल

- विशेषाधिकार हनन सूचना सदन में विचारार्थ सुरक्षित
- शिलान्यास पत्थर पर महंत का नाम नीचे लिखा गया

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। दो दिन के विशेष सत्र के पहले दिन ही विपक्षी दल ने सत्तापक्ष के गृह एवं लोकनिर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू के विभागीय अफसरों की गंभीर गलती पर विशेषाधिकार हनन का मामला उठाया है। विपक्ष के इस अकाट्य मुद्दे पर एक तरह से सत्तापक्ष घिर गया है खासकर मंत्री ताम्रध्वज साहू। हालाकि विशेषाधिकार हनन सूचना भाजपा विधायक दल के सदस्य अजय चंद्राकर ने सदन को दी है। मामले में आक्रामक रवैय्या अपनाते हुए पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर व भाजपा विधायकों ने प्रोटोकॉल तोड़ने और विधानसभा अध्यक्ष को शिलान्यास पत्थर में दो सांसदों के बाद में नीचे स्थान देने पर नाराजगी जाहिर की है। पूरे मामले में हनन के मामले की सूचना के बाद अब गेंद अध्यक्ष के पाले में है। सूचना के बाद विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा सूचना विचारार्थ सुरक्षित करता हूं। ऐसे में ग्राह्य किया गया तो सरकार और विभागीय मंत्री की भद्द भी पिटेगी।

जानकारी के मुताबिक बीते 29 अगस्त को विधानसभा के नए भवन का शिलान्यास किया गया था। उस वक्त शिलान्यास पत्थर पर जो नाम जिस क्रम में अंकित किए गए वो क्रम प्रोटोकॉल का उल्लंघन है, जो प्रोटोकॉल का वरियता क्रम है उसमें सांसद 19 वें नंबर पर हैं, जबकि अध्यक्ष समेत अन्य इसमें उपर होते हैं।

पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने सदन में कहा कि भूमिपूजन दो सांसदों द्वारा किया गया, सांसद राजनैतिक रुप से शक्तिशाली हो सकते हैं, लेकिन विधायिका के भीतर अध्यक्ष सर्वोच्च हैं। शिलान्यास पत्थर पर विधानसभा अध्यक्ष का नाम बेहद नीचे था। यह अवमानना है, विधानसभा की व्यवस्था की अवमानना है। पीडब्ल्यूडी मंत्री के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन की सूचना मैने दी है अध्यक्ष जी। इस पर अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा मैने आपका विशेषाधिकार हनन की सूचना विचारार्थ रखी है, मैं उस पर व्यवस्था दुंगा।

राजभवन को लेकर जब भिड़ गए बृजमोहन-रविंद्र चौबे

रायपुर। सदन में विशेषाधिकार हनन और राजभवन के राजनीतिकरण का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठा। संसदीय कार्य मंत्री रविंद्र चौबे ने विपक्षी दल पर राजभवन के राजनीतिकरण का आरोप लगाया। विशेष सत्र और राज्यपाल के सचीव को हटाए जाने के बाद बयानों का दौर जरा तल्ख हो गया था। उसपर सदन में विपक्ष ने सत्तापक्ष को घेरा। बृजमोहन अग्रवाल ने संसदीय मंत्री रविंद्र चौबे के बयान के बाद नाराजगी जाहिर करते हुए सदन से मांग की कि वे माफी मांगे और अपने शब्द वापस लें। दरअसल सत्तापक्ष व्दारा राज्यपाल को मर्यादा बताए जाने पर यह बहस तीखी होती गई थी। शून्यकाल में उठा विधानसभा भवन लोकार्पण कार्यक्रम में वि सा अध्यक्ष के अपमान का मामला भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने उठाया। विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत का नाम का नाम भूमिपूजन के दौरान सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नीचे लिखा गया था अजय चंद्राकर ने विशेषाधिकार हनन की सूचना दी । इसके साथ ही राज्यपाल पर सीएम के बयान और सरकार के व्दारा राज्यपाल को मर्यादा व सीमा में रहने वाले मीडिया के बयान पर बवाल सदन में मचा।

धान को लेकर सदन में रार

विपक्षी मांग 1 नवंबर से सरकार करे खरीदी

- भाजपा बोली फसल तैयार है, किसान परेशान है, कहां रखेगा धान

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। विशेष सत्र के पहले दिन के शुरुआती एक घंटे के भीतर ही भाजपा ने धान मसले पर सत्ता पक्ष को घेर दिया। भाजपा ने माँग रखी है कि 1 नवंबर से धान ख़रीदी शुरु की जाए । यह भी कहा कि एक एकड़ में बीस क्विंटल की खरीदी की जाए। भाजपा की ओर से शिवरतन शर्मा ने इस चर्चा की शुरुआत की। नारायण चंदेल के बाद अजय चंद्राकर ने कहा मेरे खेत में चलिए या अध्यक्ष जी आपके खेत में चलिए। फसल तैयार है किसान परेशान है। एक नवंबर से धान ख़रीदी शुरु नहीं हुई तो किसान का धान सूखती में आ जाएगा।

बृजमोहन अग्रवाल ने आक्रामक अंदाज में कहा नौ महिने में बच्चा बाहर आ जाता हैज लेकिन किसान न्याय योजना के रुपए नहीं आ पाए। विपक्ष के तेवर तीखे थे और कुछ ही देर में विपक्ष अपनी जगह पर खड़े होकर नारेबाजी करते हुए माँग करने लगा कि, सरकार धान खरीदी एक नवंबर से करने की घोषणा करे। यह भी कहा सरकार के इस फैसले से विपक्ष पूरा समर्थन देगा। इस मसले पर हंगामे को देखते हुए अध्यक्ष चरणदास महंत ने सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दिया।

भू-जल संरक्षण के लिए वन क्षेत्रों के नालों में बड़ी तादाद में हो रहे कार्य : वन मंत्री

- कैम्पा मद की वार्षिक कार्ययोजना 2019-20 के तहत 12.57 लाख संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर

रायपुर। वन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य के वन क्षेत्रों में स्थित नालों में कैम्पा मद की वार्षिक कार्ययोजना 2019-20 के तहत 12 लाख 56 हजार 990 संरचनाओं का निर्माण तीव्र गति से जारी है। इनमें से अब तक 10 लाख 77 हजार 382 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण हो चुका है। वन मंत्री अकबर ने बताया कि लगभग 160 करोड़ रूपए की राशि से 137 नालों में निर्माण हो रहे इन संरचनाओं के पूर्ण होने पर 4 लाख 25 हजार हेक्टेयर भूमि उपचारित होगी। इसमें वन क्षेत्रों के नालों में भू-जल संरक्षण कार्य के लिए लूज बोल्डर चेकडेम, बोल्डर चेकडेम, ब्रशवुड चेकडेम, कंटूर ट्रेंच, परलोकेशन ट्रेन्च, अर्दन डेम, चेकडेम,एनीकट, स्टापडेम तथा गेबियन आदि संरचनाओं का काफी तादाद में निर्माण किया जा रहा है। इससे एक ओर वन भूमि के क्षरण को रोका जा सकेगा, वहीं दूसरी ओर जल भंडार में वृद्धि की जा सकेगी। वन क्षेत्रों में जल भंडार की पर्याप्त उपलब्धता से वन्य जीवों को उनके रहवास क्षेत्र में ही चारा-पानी उपलब्ध होगा, जिससे वे आबादी क्षेत्रों की ओर आकर्षित नहीं होंगे। इसके साथ ही वनों के आसपास के ग्रामीणों तथा कृषकों को पेयजल तथा सिंचाई के साधन विकसित करने में मदद मिलेगी। इस संबंध में कैम्पा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व्ही.श्रीनिवास राव ने बताया कि कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2019-20 के तहत राज्य के वन क्षेत्रों में स्थित नालों में निर्माणाधीन 12.57 लाख संरचनाओं में से अब तक स्टॉपडेम, कंटूर ट्रेन्च, बी.जी.पी. तथा वाटरहोल्स निर्माण के कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। इसके तहत 549 स्टॉपडेम, 8 हजार 214 कंटूर ट्रेन्च, 15 बी.जी.पी. और 34 वाटरहोल्स का निर्माण विभिन्न नालों में किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 8 हजार 388 ब्रशवुड चेकडेम में से 5 हजार 438 तथा 2 हजार 684 अर्दन गली प्लग (ई.जी.पी.) में से 861 और 30 हजार 569 लूज बोल्डर चेकडेम में से 23 हजार 399 का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। इसी तरह एक हजार 806 गेबियन संरचना में से 699 तथा 667 चेकडेम में से 117 और 229 अर्दन डेम में से 132 अर्दन डेम का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। अब तक 43 डाइक में से 25 तथा 148 परकोलेशन टैंक में से 122 और 168 डबरी में से 104 डबरी का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा 11 लाख 77 हजार 937 सीसीटी में से 10 लाख 37 हजार 210 तथा 116 वाटर एब्जार्पशन टेन्क में से 27 और 396 नग 30-40 मॉडल में से 391 मॉडल का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

कोरोना वायरस कोविड 19 से 314 मरीज मुक्त होकर डिस्चार्ज हुए, 1649 नये संक्रमित मिले

रायपुर। कोरोना वायरस कोविड 19 के मरीज सोमवार रात 8 बजे की स्थिति में स्वास्थ विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार जहां त्वरित उपचार के चलते 314 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। वहीं गत 24 घंटे में कोरोना पाजीटिव के संक्रमित 1649 मरीज मिले हैं। अब तक प्रदेश में 1 लाख 77 हजार 608 मरीज कोरोना पाजीटिव पाये गये है जिनमें से 73 हजार 227 मरीज कोरोना वायरस 19 से मुक्त होकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। आइसोलेशन से रात 8 बजे की स्थिति में 2487 मरीज डिस्चार्ज हुए वहीं अब तक प्रदेश में आइसोलेशन प्लस होम आइसोलेशन से 80 हजार 427 मरीज उपचार से स्वस्थ हो चुके हैं। अब तक कुल 1 लाख 53 हजार 654 मरीज कोरोना वायरस से मुक्त होकर अपने घरों में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उपचार के दौरान कुल पांच मरीजों की मृत्यु हुई है जिनमें कोविड 19 के एक भी प्रकरण नहीं है। वहीं को मार्बिडिटी के 5 मरीजों की मृत्यु हुई है। रविवार एवं सोमवार की दरम्यानी समय के बीच कुल 18 हजार 447 मरीजों की कोरोना जांच की गई है।

कोरोना वायरस की जिलावार स्थिति इस प्रकार है - दुर्ग 34, राजनांदगांव 26, बालोद 20, बेमेतरा 4 कबीरधाम 0, रायपुर 28, धमतरी 0, बलौदाबाजार 11, महासमुंद 18, गरियाबंद 8, बिलासपुर 15 रायगढ़ 14, कोरबा 5 जांजगीर चांपा 15, मुंगेली 3, सरगुजा 10, कोरिया 0, सूरजपुर 5, बलरामपुर 2, जशपुर 2, बस्तर 56, कोंडागांव 8, दंतेवाड़ा 8, सुकमा 7, कांकेर 9, नारायणपुर 1, बीजापुर 5 एवं सबसे कम मरीज पेंड्रा गौरेला मरवाही में केवल 3 मिले हैं। जबकि अन्य राज्यों से आने वाले मरीज नहीं हैं। कोरोना वायरस कोविड 19 के संक्रमण से मुंह में मास्क बांधना, सेनेटाइजर का प्रयोग एवं बार -बार साबुन से हाथ धोना तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचने से संबंधित गाइड लाइन के पालन का ही असर हुआ है कि पिछले 24 घंटे में कुछ जिलों में एक भी कोरोना पाजीटिव के मरीज नहीं मिले है। नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडेय के अनुसार कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है। दीपावली होने के कारण आने वाले समय में बाजार सहित अन्य घने क्षेत्रों में आवाजाही के दौरान उक्त सावधानियां बरतने से ही कोरोना महामारी को हराकर हम जीत हासिल कर सकते हैं।

ट्राइब्स इंडिया ने 100 नये फारेस्ट ऑर्गेनिक उत्पाद को ऑनलाइन लांच किया

रायपुर। जनजातीय मामलों के मंत्रालय के अन्तर्गत आने वाली ट्राइफेड ने प्रकृति की और अधिकता लाने के लिए ट्राइब्स इंडिया उत्पादों की अपनी श्रेणी में 100 नए फॉरेस्ट ऑर्गेनिक उत्पाद शामिल किए हैं। आदिवासी उपज और उत्पादों की एक नई श्रृंखला फॉरेस्ट फ्रेश नैचुरल एंड ऑर्गेनिक्स का अनावरण प्रबंध निदेशक श्री प्रवीर कृष्णा ने आज वर्चुअल तरीके से किया। साप्ताहिक आधार पर, 100 नए उत्पादों / उत्पादों को लॉन्च किया जाएगा और ट्राइब्स इंडिया कैटलॉग में शामिल किया जाएगा। 100 उत्पादों का पहला सेट आज ऑनलाइन लॉन्च किया गया। ये और बाद में शामिल किए गए उत्पाद/उत्पाद 125 ट्राइब्स इंडिया आउटलेट्स, ट्राइब्स इंडिया मोबाइल वैन और ट्राइब्स इंडिया ई-मार्केटप्लेस और ई-टेलर्स जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे।

बायस्टेंडर सीवीआर, आकस्मिक ह्दयघात से हजारों जीवन बचाये जा सकते हैं : डॉ. जावेद परवेज

रायपुर। अक्टूबर माह, आकस्मिक ह्दयाघात से होने वाली मौतों के प्रति जागरूकता का माह है। इस विषय पर रामकृष्ण केयर हॉस्पीटल रायपुर के ह्दयरोग विशेषज्ञ (ह्दय के इलेक्ट्रीकल डिसआर्डर) डॉ. जावेद परवेज़ ने प्रेस चर्चा करते हुए विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि - प्रतिवर्ष, लगभग 10 लाख भारतीयों की मौत ह्दयाघात से होती है। यह एक ऐसा हार्ट डिस आर्डर है जिसमें ह्दय अचानक ही रक्त की पंपिंग बंद कर देता है। परिणाम स्वरूप व्यक्ति की तुरंत मृत्यु हो जाती है, इस परिस्थिति में 80-90 प्रतिशत व्यक्तियों की आकस्मिक मौत, हॉस्पीटल पहुंचने से पहले ही हो जाती है, जिनमें 85 प्रतिशत ऐसे मरीजों को, इस आपात स्थिति में बायस्टेंडर सी पी आर का उपचार नहीं मिल पाता जो कि, इस परिस्थिति में जीवन की रक्षा कर सकता है। डॉ. जावेद परवेज़ ने आगे बतलाया कि सामान्य लोगों में हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट को लेकर भ्रांतियां होती है। दिल का दौरा (हार्ट अटैक), ह्दय में रक्त के बहाव में बाधा पैदा होने से होता है, जबकि कार्डियक अरेस्ट की धड़कन काफी बढ़ जाती है अथवा यह धड़कन पूर्णतः रूक जाती है जो ह्दय में इलेक्ट्रीकल समस्या के कारण है। आकस्मिक ह्दयाघात के पूर्व शरीर में कुछ मुख्य लक्षण दिखते है - जिसमें छाती में असहज लगना, काफी पसीना आना, अचेत होना, सांस लेने में तकलीफ, आदि शामिल हैं। मरीज में इनमें से कोई भी लक्षण पाए जाने पर, तुरंत कार्डियो लॉजिस्ट से परामर्श किया जाना जरूरी हैं।

÷यदि व्यक्ति अचानक अचेत हो जाता है, उसकी नब्ज नहीं चले, सांस भी रुकी हो, उसे बेहोशी आ जाय तो तुरंत ही ह्दय रोग विशेषज्ञ से संपर्क करने के बाद, जल्दी ही सी पी आर शुरू कर दिया जाना चाहिए। यह उपचार अत्यंत जरूरी हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के रायपुर एवं दुर्ग स्टेशन से किसान रेल की सुविधा

छिंदवाड़ा-हावड़ा-छिंदवाड़ा के मध्य एक फेरे के किसान रेल की सुविधा, फल व सब्जी के भाड़े में मिलेगी 50% की छूट

रायपुर। भारतीय रेलवे द्वारा किसानों की मदद करने तथा देश भर में कृषि उत्पादों की तेज ढुलाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किसान रेल चलाई जा रही है। किसान रेल द्वारा कृषि उत्पाद देश के एक कोने से दूसरे कोने तक आसानी से व न्यूनतम भाड़े के साथ पहुंचाई जा रही है । किसान रेल एक सुरक्षित, विश्वसनीय और तेज परिवहन प्रदान करता है जो किसानों और कारोबारियों के लिए उनके उत्पादों की अच्छी कीमत दिलाने में भी मददगार साबित हो रहा है।

इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा दिनांक 28 अक्टूबर 2020 को नागपुर मंडल के छिंदवाड़ा स्टेशन से हावड़ा स्टेशन तक 18 कोचों के संयोजन के साथ किसान स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है जो महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ ,बिहार व पश्चिम बंगाल राज्यों को जोड़ेगी। वापसी में यह गाड़ी 29 अक्टूबर 2020 को हावड़ा स्टेशन से छिंदवाड़ा स्टेशन के लिए रवाना होगी। किसानों के हित में चलाई जा रही इस किसान रेल में सब्जी व फल के परिवहन के भाड़े में 50 फीसदी की रियायत दी जा रही है। किसानों व व्यापारियों के साथ बैठक कर उन्हें विस्तृत जानकारी दे रहे हैं साथ ही किसान रेल के माध्यम से सब्जी व फल के परिवहन हेतु उन्हें प्रेरित कर रहे हैं।

इस सुविधा से किसान कम लागत पर अपने उपज नए संभावित मार्केट तक भेज सकेंगे, जिससे वे आर्थिक रूप से लाभान्वित होंगे। किसान रेल के माध्यम से सब्जी व फल का परिवहन करने वाले किसान अथवा व्यापारी रायपुर, दुर्ग पार्सल आफिस या मुख्य वाणिज्य निरीक्षक पार्सल से मुख्य पार्सल सुपरवाइजर रायपुर 9752877967 एवं चीफ पार्सल सुपरवाइजर दुर्ग से 9109112682 से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

गाड़ी संख्या 00883 किसान रेल छिंदवाड़ा से 28 अक्टूबर 2020 को 05.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा सौसर आगमन 06.25 बजे प्रस्थान 06.55 बजे, सावनेर आगमन 07.25 बजे प्रस्थान 07.55 बजे, इतवारी आगमन 09.00 बजे प्रस्थान 13.00 बजे, गोंदिया आगमन 14.55 बजे प्रस्थान 15.15 बजे, राजनांदगाँव आगमन 16.35 बजे प्रस्थान 16.45 बजे, दुर्ग आगमन 17.25 बजे प्रस्थान 17.45 बजे, रायपुर आगमन 18.25 बजे प्रस्थान 18.45 बजे, बिलासपुर आगमन 20.40 बजे प्रस्थान 21.00 बजे, चांपा आगमन 22.05 बजे प्रस्थान 22.15 बजे, रायगढ़ आगमन 23.10 बजे प्रस्थान 23.30 बजे, झारसुगुड़ा दूसरे दिन आगमन 01.00 बजे प्रस्थान 01.20 बजे, राउरकेला आगमन 02.40 बजे प्रस्थान 03.10 बजे, चक्रधरपुर आगमन 04.30 बजे प्रस्थान 04.40 बजे, टाटानगर आगमन 05.40 बजे प्रस्थान 06.10 बजे, खड़गपुर आगमन 08.40 बजे तथा 09.10 बजे प्रस्थान कर हावड़ा 12.00 बजे पहुंचेगी।

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 00884 किसान रेल हावड़ा से 29 अक्टूबर 2020 को 15.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा खड़गपुर आगमन 17.30 बजे प्रस्थान 18.00 बजे, टाटानगर आगमन 20.30 बजे प्रस्थान 21.00 बजे, चक्रधरपुर आगमन 22.00 बजे प्रस्थान 22.10 बजे, राउरकेला आगमन 23.25 बजे प्रस्थान 23.55 बजे, झारसुगुड़ा दूसरे दिन आगमन 01.30 बजे प्रस्थान 01.50 बजे, रायगढ़ आगमन 03.20 बजे प्रस्थान 03.40 बजे, चांपा आगमन 04.40 बजे प्रस्थान 04.50 बजे, बिलासपुर आगमन 05.50 बजे प्रस्थान 06.10 बजे, रायपुर आगमन 08.00 बजे प्रस्थान 08.20 बजे, दुर्ग आगमन 09.00 बजे प्रस्थान 09.20 बजे, राजनांदगाँव आगमन 09.55 बजे प्रस्थान 10.05 बजे, गोंदिया आगमन 11.20 बजे प्रस्थान 11.30 बजे, इतवारी आगमन 13.30 बजे प्रस्थान 14.30 बजे, सावनेर आगमन 15.45 बजे प्रस्थान 16.00 बजे, सौसर आगमन 16.30 बजे प्रस्थान 16.45 बजे तथा 18.30 बजे छिंदवाड़ा पहुंचेगी। इस गाड़ी में इन सभी स्टेशनों पर किसान / व्यापारी अपना पार्सल चढ़ा व उतार सकेंगे ।

संपादकीय

कोरोना का सिमटता दायरा

भारत के लिए यह भारी राहत की बात है कि जानलेवा कोरोना वायरस का दायरा अब सिमटने लगा है। पिछले 24 घंटो के दौरान देशभर में कोरोना वायरस से संक्रमित सिर्फ 45 हजार नए मामले सामने आए है जो पिछले तीन माह में सबसे कम है। इसी तरह एक दिन में सिर्फ 480 लोगों की मौत हुई है जो 10 जुलाई के बाद से हुई सबसे कम मौत है। वैसे अभी भी कोरोना का कहर बदस्तूर जारी है और अब तक लगभग 80 लाख लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए है लेकिन राहत की बात यह है कि भारत में रिकवरी रेट 90 प्रतिशत हो गय है और 70 लाख से अधिक कोरोना वायरस से संक्रमित लोग ठीक हो चुके है, एक्टिव मरीजों का आंकड़ा अब 8.26 प्रतिशत हो गया है। देश में अब तक 10 करोड़ से अधिक लोगों के कोरोना टेस्ट हो चुके है हालांकि 130 करोड़ की आबादी वाले इस देश में कोरोना टेस्ट की रफ्तार कम ही है जिसे और तेज करने की आवश्यकता है ताकि कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों का समय पर समुचित उपचार किया जा सके। कोरोना की रफ्तार पर भले ही अंकुश लग रहा है लेकिन अभी भी लोगों को सावधानी बरतने की सख्त जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और केन्द्रिय स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेतावनी जारी की है कि ठंड के मौसम में कोरोना वायरस का प्रकोप और टूट सकता है इसलिए यह आवश्यक है कि कोरोना की धीमी पड़ती रफ्तार से लोग असावधान न हो जाएं। कोरोना का कहर कम जरूर हो रहा है लेकिन इसका खतरा अभी भी बरकरार है इसलिए दो गज की दूरी बनाएं रखना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही घर के बाहर निकलने पर मास्क का उपयोग भी निहायत जरूरी है इस तरह की सावधानी बरत कर ही हम खुद को और अपने परिवार को कोरोना वायरस की चपेट में आने से बचा सकते है। सामने दीपावली का त्यौहार है और इस दौरान बाजारों में भीड़ उमड़ना स्वाभाविक है। बाजार में विशेष रूप से सतर्कता बरतने की आवश्यकता पड़ेगी अन्यथा हमारी खुशियों को ग्रहण लगते देर नहीं लगेगी। केन्द्र सरकार और राज्या सरकारों ने कोरोना वायरस के खिलाफ जंग जितने की हर संभव कोशिश की है और इसके लिए वे बधाई के पात्र है किन्तु हम नागरिकों का भी यह दायित्व बनता है कि इस जंग में सरकार का साथ दें और अनलॉक के दौरान जिन शर्तों के साथ सुविधाएं बहाल की जा रही है उन शर्तों का ईमानदारी पूर्वक पालन करें तभी कोरोना से भारत को मुक्त करने में हम सफल हो पाएंगे।

विचार

बिहारः असहज रिश्तों वाला चुनाव

बीजेपी ने सहयोगी दल जेडीयू के लिए जो सीटें छोड़ी हैं उन सब पर एलजेपी ने अपने प्रत्याशी खड़े कर दिए हैं। हालांकि बीजेपी नेतृत्व बार-बार कह चुका है कि पार्टी का गठबंधन जेडीयू के साथ है, एलजेपी से इन चुनावों में उसका कोई संबंध नहीं है। मगर केंद्र में एलजेपी आज भी एनडीए का हिस्सा बनी हुई है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 71 सीटों पर चुनाव प्रचार थम चुका है। यहां मतदान बुधवार को होने वाले हैं। इन चुनावों की एक खास बात है विभिन्न परस्पर विरोधी खेमों के एक-दूसरे से बनते दिलचस्प रिश्ते। मुख्य मुकाबला तेजस्वी यादव की अगुआई वाले महागठबंधन और नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए के बीच है। ये दोनों चेहरे पिछले विधानसभा चुनाव में एक साथ थे क्योंकि कभी करीबी दोस्त और फिर प्रबल राजनीतिक विरोधी रहे लालू प्रसाद और नीतीश कुमार ने नाटकीय ढंग से एक-दूसरे का हाथ थाम लिया था। मगर 20 महीने के अंदर नीतीश ने इस दोस्ती से खुद को अलग करते हुए फिर बीजेपी के साथ जाना उचित समझा। दोस्ती और दुश्मनी का यह पल-पल बदलता रूप इस बार दोनों खेमों के रिश्तों को असहज बनाए हुए है।

बीजेपी ने सहयोगी दल जेडीयू के लिए जो सीटें छोड़ी हैं उन सब पर एलजेपी ने अपने प्रत्याशी खड़े कर दिए हैं। हालांकि बीजेपी नेतृत्व बार-बार कह चुका है कि पार्टी का गठबंधन जेडीयू के साथ है, एलजेपी से इन चुनावों में उसका कोई संबंध नहीं है। मगर केंद्र में एलजेपी आज भी एनडीए का हिस्सा बनी हुई है और सीट बंटवारे में टिकट से वंचित हुए कई बीजेपी नेता एलजेपी से किस्मत आजमा रहे हैं। ऐसे में इस धारणा का निर्मूल होना मुश्किल है कि असल में बीजेपी ही अपनी बंदूक एलजेपी के कंधे पर रखकर चला रही है। बहरहाल, उसके नेताओं के स्पष्टीकरण का जमीन पर कितना और कैसा असर हो रहा है, इसका कुछ अंदाजा पहले दौर की वोटिंग का माहौल देखकर भी हो जाएगा। मुद्दों की बात करें तो सबसे चौंकाने वाली भूमिका बॉलिवुड ऐक्टर सुशांत सिंह की मौत की रही। बिहार के चुनावों में बिहारी अस्मिता आम तौर पर मुद्दा नहीं बनती, पर सुशांत को न्याय दिलाने की मांग जिस चमत्कारिक ढंग से सभी पार्टियों के अजेंडे में शामिल हो गई, उससे लगा कि बिहारी अस्मिता का सवाल इन चुनावों में छाया रहेगा। लेकिन यह जिस तेजी से उठा था, उसी तेजी से फीका पड़ता गया। आलम यह है कि जेडीयू और बीजेपी भी चुनाव प्रचार में इसका जिक्र नहीं कर रही हैं। दस लाख सरकारी नौकरियों का वादा कर तेजस्वी यादव ने जरूर बिहार के चुनावों को जाति-धर्म से अलग ठोस जमीनी मुद्दों की ओर मोड़ने का प्रयास किया, लेकिन इसके जवाब में बीजेपी ने 19 लाख रोजगार का वादा कर दिया। ऐसे में तय करना मुश्किल है कि बीजेपी के इस वादे से ज्यादा परेशानी तेजस्वी को होगी या नीतीश कुमार को। कारण यह कि बीजेपी का बयान आने तक नीतीश कुमार चुनावी मंचों से कई बार तेजस्वी के इस वादे को अव्यावहारिक और असंभव करार दे चुके थे।

महबूबा को पंसद नहीं अमन चैन!

राजेश माहेश्वरी

महबूबा ने नेशनल कांफ्रेंस के साथ कुछ दलों की जो बैठक की, उससे भी कोई ठोस बात सामने नहीं आई। उस बैठक में कांग्रेस की गैर मौजूदगी से ये संकेत मिला था कि वह इन पार्टियों के साथ खड़े होने से बच रही है। इसका प्रमाण गत दिवस कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा महबूबा के तिरंगे संबंधी बयान का विरोध किये जाने से मिला। तिरंगा नहीं थामने के अलावा चुनाव नहीं लड़ने के उनके बयान पर फारुख और उमर की कोई प्रतिक्रिया नहीं आने से ये साबित होता है कि राज्य की दोनों प्रमुख पार्टियां एकमत नहीं हैं। दरअसल पीडीपी के अनेक बड़े नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। तिरंगे के बयान बाद से तीन प्रमुख नेताओं ने महबूबा का साथ छोड़ दिया है। महबूबा भाजपा के साथ सरकार चलाकर अपनी राजनीतिक जमीन और धाक पहले ही गंवा चुकी हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने उसकी आलोचना कर प्रशंसा योग्य कार्य किया है। बेहतर हो बाकी पार्टियां भी उसके विरोध में खड़ी हों।

पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को लेकर विवादित बयान दिया है। महबूबा ने कहा कि जब तक धारा 370 बहाल नहीं होती, वह न तो तिरंगे को छुएंगी और न ही चुनाव लड़ेंगी। यह बयान एक ऐसे नेता द्वारा दिया गया है, जिनकी पार्टी ने जम्मू-कश्मीर में कई वर्षों तक राज किया। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाये जाने के बाद से ही बौखलाई महबूबा ने तिरंगे का अपमान करके अपनी असलियत सामने ला दी है। उनके बयान से ऐसा आभास होता है कि उन्हें कश्मीर में शांति सुहाती नहीं है। रिहा होने के बाद वो घाटी में फिर से लोगों को बहकाने का काम कर रही हैं।

महबूबा के बयान से पूर्व कुछ दिन पहले नेश्नल कांफ्रेंस के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारुख ने चीन का समर्थन लेने की बात कही थी। पीओके को लेकर भी वह कई बार विवादित बयान दे चुके हैं। वहीं लंबी नजरबंदी के बाद हाल ही में रिहा हुई महबूबा ने फिर एक बार धारा 370 का राग अलापना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि जब जम्मू कश्मीर में धारा 370 लागू थी, उस समय जम्मू कश्मीर राज्य का अलग संविधान और झंडा हुआ करता था। पिछले साल अगस्त में धारा 370 की समाप्ति के बाद से ये विशेष स्थिति भी खत्म हो गई है। ऐसे में अपने राजनीतिक जीवन और सुख सुविधाओं की समाप्ति से परेशान महबूबा और तमाम दूसरे दल के नेताओं ने धारा 370 का लेकर रोना गाना शुरू कर दिया है। असल में चाहे महबूबा हो या फिर अब्दुल्ला इनकी वफादारी भारत से ज्यादा पाकिस्तान और चीन के साथ ज्यादा दिखाई देती है।

धारा 370 को हटाने के बाद से घाटी में शांति का वातावरण बनाये रखने के मद्देनजर महबूबा, फारुख अब्दुल्ला, उमर तथा उनके अलावा लगभग सभी अलगाववाद समर्थक नेताओं को नजरबंद किया गया था। महबूबा भी पिछले दिनों ही रिहा हुई हैं। उसके बाद पीडीपी के अलावा नेशनल कांफ्रेंस औए कुछ छोटे दलों ने मिलकर 370 की वापिसी के लिए संघर्ष की साझी घोषणा की है। महबूबा ने तिरंगे को लेकर जो बयान दिया है वो उसी संघर्ष का श्रीगणेश कहा जा सकता है। लेकिन पुराने झंडे की वापिसी तक तिरंगा भी नहीं फहराए जाने की बात से साबित होता है कि वे अभी धारा 370 की समाप्ति के समय लगे सदमे से अभी उभर नहीं पायी हैं। वो अभी भी अतीत में जी रही हैं। घाटी में धीरे धीरे ही सही वातावरण में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। पिछले सवा साल में घाटी

वासियों ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया जिससे इस बात का आभास हो कि वह नेताओं की नजरबंदी के खिलाफ है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने दर्जनों आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा। वहीं आंतकियों से मुठभेड़ के दौरान उनके बचाव के लिए सुरक्षा बलों पर पथराव करने जैसी घटनाएं शून्य के स्तर पर पहुंच गयी है। आंतकियों के अंतिम संस्कार में उमड़ने वाला जनसैलाब भी दिखाई नहीं दिया। इसका प्रमुख कारण यह है कि केंद्र शासित हो जाने से राज्य की पुलिस और प्रशासन दोनों दिल्ली के नियन्त्रण में आ गये। जमीनी सच्चाई यह भी है कि फारुख अब्दुल्ला, महबूबा से लेकर तमाम दूसरे नेता घाटी में धारा 370 की बहाली के लिए किसी बड़े आन्दोलन की जमीन तैयार नहीं कर सके। असल में महबूबा और फारूख जैसे नेता पूरी तरह जमीन से कटे हुए हैं। जनता को भड़काकर और भटकाकर इन लोगों ने लंबे समय तक अपनी राजनीति चमकाई है।

महबूबा ने नेशनल कांफ्रेंस के साथ कुछ दलों की जो बैठक की, उससे भी कोई ठोस बात सामने नहीं आई। उस बैठक में कांग्रेस की गैर मौजूदगी से ये संकेत मिला था कि वह इन पार्टियों के साथ खड़े होने से बच रही है। इसका प्रमाण गत दिवस कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा महबूबा के तिरंगे संबंधी बयान का विरोध किये जाने से मिला। तिरंगा नहीं थामने के अलावा चुनाव नहीं लड़ने के उनके बयान पर फारुख और उमर की कोई प्रतिक्रिया नहीं आने से ये साबित होता है कि राज्य की दोनों प्रमुख पार्टियां एकमत नहीं हैं। दरअसल पीडीपी के अनेक बड़े नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। तिरंगे के बयान बाद से तीन प्रमुख नेताओं ने महबूबा का साथ छोड़ दिया है। महबूबा भाजपा के साथ सरकार चलाकर अपनी राजनीतिक जमीन और धाक पहले ही गंवा चुकी हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने उसकी आलोचना कर प्रशंसा योग्य कार्य किया है। बेहतर हो बाकी पार्टियां भी उसके विरोध में खड़ी हों। इस बारे में वामपंथी दलों की भूमिका पर भी सबकी विशेष दृष्टि रहेगी।

पिछले साल फरवरी में भी महबूबा मुफ्ती ने इस तरह का विवादित बयान दिया था। उस समय महबूबा ने कहा था कि विशेष दर्जा हटाने को लेकर चल रहे मामले पर कहा कि अगर ऐसा हुआ तो कश्मीरी तिरंगे की बजाय दूसरा झंडा उठा लेंगे, कौन सा झंडा उठाएंगे, ये मुझे नहीं पता। उन्होंने कहा कि अगर अनुच्छेद 35ए से छेड़छाड़ हुई तो फिर कुछ ऐसा होगा जो 1947 में भी नहीं हुआ होगा। यदि संविधान के अनुच्छेद 35-ए और अनुच्छेद 370 के तहत मिले अधिकारों से खिलवाड़ हुआ तो राज्य में हालात अरुणाचल प्रदेश से भी ज्यादा खराब हो जाएंगे। महबूबा की इस देशद्रोही और भड़काऊ बयानबाजी के द महीनों बाद ही धारा 370 को हटा दिया गया। ऐसे में रिहाई के बाद उन्होंने पुराना राग फिर से छेड़ दिया है। राजनीति के जानकारों की माने तो ये भी हो सकता है कि महबूबा ने 370 समर्थक पार्टियों को चुनाव प्रक्रिया से दूर रखने के लिए ये दांव चला हो। इसमें कोई दो राय नहीं है कि पीडीपी, नेशनल कांफ्रेंस और हुर्रियत के पास अब पहले जैसा जनसमर्थन नहीं रहा। बीते सवा साल में जनता को ये लग गया है कि अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवार ने सत्ता के लिए हर स्तर पर जाकर समझौते किये। इन दोनों परिवारों ने सरकारी सम्पदा की लूट भी जमकर की है, ये खुला तथ्य है। सरकार को अपने स्तर पर कश्मीर के आम लोगों विशेष रूप से युवाओं को धीरे-धीरे ये समझाने का प्रयास करना चाहिए कि धारा 370 हटने से यदि किसी को नुकसान हुआ तो वह अब्दुल्ला और मुफ्ती खानदान के अलावा हुर्रियत के नेताओं का जिन्हें अलगाववाद की भावना बनाये रखने के लिए पाकिस्तान से समर्थन और संसाधन मिला करते थे। रही बात आम जनता की तो बीते एक साल में वह जितने शांतिपूर्ण माहौल में रही वह उसके लिए सुखद अनुभव है। अब धारा 370 बीती बात हो चुकी है। अपनी राजनीति चमकाने के लिये या फिर किसी दूसरी मजबूरी में महबूबा ने एक ऐसा मुद्दा छेड़ दिया जिसका समर्थन करने में जम्मू कश्मीर की अन्य पार्टियां भी कई-कई बार सोचेंगी। राज्य का अलग झन्डा होने की बात तो अब्दुल्ला एन्ड कम्पनी भी करेगी किन्तु चुनाव नहीं लड़ने जैसा फैसला वो शायद नहीं कर पाएगी। महबूबा अनुभवी हैं, उनसे इस प्रकार के अनाड़ीपन वाले बयान की उम्मीद नहीं थी। अब उन्हें इस नई व्यवस्था में न केवल जीने की आदत डालनी होगी बल्कि अपनी राजनीतिक भूमिका की जमीन भी बनानी होगी। महबूबा को अपनी देशभक्ति का परिचय देना चाहिए। ऐसे बयानों से अपना मजाक न उड़वाएं तो बेहतर होगा।

लालू पासवान के बिना फीकी है चुनावी रंगत

रमेश सर्राफ

पूर्व सांसद व जन अधिकार पार्टी (लोकतांत्रिक) के अध्यक्ष पप्पू यादव ने प्रगतिशील लोकतांत्रिक गठबंधन (पीडीए) बनाया है। जिसमें एमके फैजी की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया, उत्तर प्रदेश के चंद्रशेखर आजाद रावण की आजाद समाज पार्टी शामिल है। इस मोर्चे की तरफसे पप्पू यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया गया है। रामविलास पासवान के देहांत के बाद उनके पुत्र चिराग पासवान लोजपा के सर्वे सर्वा नेता है। उन्होंने चुनाव में नीतीश कुमार के खिलाफताल ठोक रखी है तथा उनकी आलोचना का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने एनडीए गठबंधन में शामिल जनता दल यू के सभी उम्मीदवारों के खिलाफअपनी पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव लड़वाने की घोषणा की है।

बिहार विधान सभा चुनाव का प्रचार पूरे शबाब पर है। वहां आगामी 28 अक्टूबर, 3 व 7 नवंबर को 3 चरणों में वोट डाले जाएंगे। वोटों की गिनती 10 नवंबर को होगी। कोरोना के दौर में बिहार में विधानसभा चुनाव करवाना चुनाव आयोग व राज्य सरकार के लिए किसी चुनौति से कम नहीं होगा। बिहार में आए दिन बड़ी संख्या में कोरोना संक्रमित मरीज मिल रहे हैं। अब तक वहां कोरोना पॉजिटिव लोगों की संख्या दो लाख चार हजार का आंकड़ा पार कर चुकी है। वहीं कोरोना से मरने वालों की संख्या 900 से अधिक हो चुकी है। ऐसे डर के माहौल में चुनाव करवाना व सात करोड़ 18 लाख लोगों का वोट डालना दोनों ही अपने आप में बहुत चुनौति भरा काम है। मगर बिहार विधानसभा का कार्यकाल शीघ्र ही पूरा होने जा रहा हैं। इसलिए वहां चुनाव करवाना चुनाव आयोग की संवैधानिक मजबूरी हो गयी है। चुनावी प्रक्रिया के दौरान ही बिहार सरकार में पंचायती राज मंत्री रहे जदयू नेता कपिलदेव कामत, अति पिछड़ा कल्याण मंत्री व भाजपा नेता विनोद सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री खुर्शीद उर्फ फिरोज की पत्नी बैबून निशा की कोरोना से मौत हो चुकी है। गया से जनता जदयू सांसद विजय मांझी भी चुनाव प्रचार के दौरान कोरोना पॉजिटिव पाये गए हैं।

बिहार विधानसभा चुनाव में जहां सभी राजनीतिक दलों के गठबंधन चुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। वहीं राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव व लोक जनशक्ति पार्टी के नेता रामविलास पासवान के बिना बिहार का चुनाव फीका लग रहा है। लालू प्रसाद यादव चारा घोटाले में रांची की जेल में सजा काट रहे हैं। वही रामविलास पासवान का पिछले दिनों निधन हो गया था। 1977 के बाद पहली बार लालू यादव व रामविलास पासवान बिहार के चुनावी परिदृश्य से ओझल हैं। चुनावों के दौरान अपने बेबाक बयानों को लेकर दोनो ही नेता चर्चित रहते थे। लालू यादव जहां माय (मुस्लिम-यादव) समीकरण के बल पर वर्षों तक बिहार की सत्ता पर काबिज रहे थे। वहीं दलित वोट बैंक के

दम पर पासवान लम्बे समय तक केन्द्र में मंत्री रहे। बिहार के चुनाव में इस बार मुख्य मुकाबला एनडीए व महागठबंधन के मध्य होगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 53.25 प्रतिशत वोट व 39 सीटें मिली थी। यूपीए को 30.76 प्रतिशत वोट व एक सीट मिली थी। 2019 के चुनाव में एनडीए में शामिल लोजपा इस बार बिहार में करीब डेढ़ सौ सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है। वही यूपीए में शामिल पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की हम पार्टी व सन ऑफ मल्लाह के नाम से मशहूर मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। वहीं राजद, कांग्रेस के साथ भाकपा, माकपा व भाकपा माले महागठबंधन बनाकर चुनाव मैदान में उतरे हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के साथ रहे राष्ट्रीय लोक समतापार्टी के अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने ग्रैंड डेमोक्रेटिक सेकुलर फ्रंट नाम से 6 दलों का एक नया मोर्चा बनाया है। इस मोर्चे में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, एआईएमआईएम, बसपा, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, समाजवादी जनता दल डेमोक्रेटिक और जनतांत्रिक पार्टी सोशलिस्ट शामिल है। मोर्चा का संयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव को बनाया गया है। एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने उपेंद्र कुशवाहा को अपने मोर्चे की ओर से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है।

चिराग खुले आम कह रहे हैं कि मैं आज भी एनडीए में शामिल हूँ। मेरी लड़ाई भाजपा से नहीं नीतीश कुमार के जदयू से है। बिहार में विधानसभा का चुनाव बहुत ही रोचक स्थिति में पहुंच गयें है। एनडीए की तरफ से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट तौर पर कह दिया है कि एनडीए दो तिहाई से अधिक सीटों पर चुनाव जीतेगा। एनडीए गठबंधन में शामिल दलों को कितनी भी सीटें मिले अगला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही बनेंगे। महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालू यादव के छोटे पुत्र तेजस्वी यादव को बनाया गया है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस सहित सभी वामपंथी दल चुनाव लड़ रहे हैं। महागठबंधन के नेता बनने के बावजूद तेजस्वी यादव को चुनावी प्रबंधन का अनुभव नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में महागठबंधन लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मेरी यादों में तू रहता

मेरी यादों में तू रहता है मेरे ख्वाबों में तू रहता है मेरी सांसों में तेरी ही महक रहती हैमेरे पहलू में तेरा ही साया रहता है मेरी सोच मेरी रूह में बस तू ही तू बसता है मेरे सीने में बस एक तेरा ही नाम धड़कता है मुझमे बस तू ही तू बसता है।

- डेजी जायसवाल

नज़र कातिल अदा

नज़र कातिल अदा कातिल कयामत सी है वो लड़की चले है जब कमर लचके कि नज़ाकत सी है वो लड़की गज़ब की शोखियाँ उसमें ,करे जब बात, रस टपके समझ में ही नहीं आती सियासत सी है वो लड़की वो उसका ज़ुल्फ़ को अक्सर झटकना मुझको भाता है मुझे बेचैन रखती है हरारत सी है वो लड़की।

- संजय कुमार गिरि

ख़ास पाती

फैसले जीस्त के हालात पे

फैसले जीस्त के हालात पे रह जाते हैं। सिलसिले ख्वाब के ज़ज्बात पे रह जाते हैं। तेरी यादों के ख़ज़ाने हैं जिन्हें भी हासिल। वो उन्हीं यादों के लमहात पे रह जाते हैं। कोशिशें लाख कीं हमने कि सम्भल जायें वो। वो मगर अपनी ही औक़ात पे रह जाते हैं । इतनी आसां है नहीं यारो ये ख़ुद्दारी भी। जाने कितने ही तो ख़ैरात पे रह जाते हैं। रहनुमाओं पे भरोसा भी करें तो कैसे। आज मसअले सारे किसी बात पे रह जाते हैं। जान अपनी वो लुटा देते हैं अक्सर हँस कर। जा के सरहद पे वो हिमपात पे रह जाते हैं। जान दे कर भी निभाते हैं जो वादे प्रतिभा उम्र भर उनके ही नग़मात पे रह जाते हैं। **- प्रतिभा गर्ग**

मरज चाहत का जब संगीन

मरज चाहत का जब संगीन होगा तेरा आशिक भी क्वारेन्टीन होगा करोना जब भी होगा शाइरों को। तुम्हारा हुस्न मेडिसीन होगा ये ले खैनी तू इसको ठोक लेना कि जब भी दिल तेरा गमगीन होगा ग़ज़ल की लत हो जिसको यार उस पर हमेशा बे-असर कोकीन होगा मेरी आंखों से ज्यादा इस जमीं पर समन्दर भी नहीं नमकीन होगा कबूतर आज नेता बन रहा है इलेक्शन बाद ये शाहीन होगा जो कुछ भी ठीक समझो कह दो अबसे वही इस मुल्क़ का आईन होगा।

- राजीव कुमार

कोई मुझे खामोशी में तलाशता

कोई मुझे खामोशी में तलाशता हैं । तो कोई मुझे वीराने में तलाशता हैं।। मैं तो सुकून हूँ तेरे अंतर में समाया। क्यो तू मुझे अनजानों में तलाशता है।।

- आकांक्षा द्विवेदी

तुम्हारे बिन तुम्हारी सुनाई

तुम्हारे बिन तुम्हारी सुनाई कहानियां अच्छी नहीं लगती। बातें वो बीती हुई याद आती हैं ये विरानियां अच्छी लगती। तुम्हारे होने से घर पे सदा रहता था त्योहार सा मौसम, हुए इतने समझदार कि अपनी नादानियां अच्छी नहीं लगती। मां ही तो थी जो जोड़े हुए थी घर में रिश्तों को अब तलक, तेरे जाने के बाद तेरी यूं बिखरी निशानियां अच्छी नहीं लगती। मां..तुम्हारी गोद और मेरा सिर रखकर बेपरवाह सो जाना, सुख आए या दुख ये बनावटी रोशनियां अच्छी नहीं लगती।- **कामनी गुप्ता**

मनुष्य के विचार हमेशा परिवर्तनशील

मनुष्य के विचार हमेशा परिवर्तनशील होते हैं । देशकाल और परिस्थितियां मनुष्य के विचारों को प्रभावित करती हैं । पिछले विचार से कोई ज्यादा प्रभावकारी नया विचार मिल गया, तो सोच बदल जाती है । बदल जाना ही चाहिए । हर नया प्रभावित करने वाला सिद्धांत/विचार पिछले सिद्धांत/विचार को खारिज कर देता है । सारे वाद इसी कारण पैदा हुए और पूरे विश्व को प्रभावित करते रहे हैं। **- कमल मेहर**

खूब जलाया पर अब तक जला

खूब जलाया पर अब तक जला न रावण जब तक लोग बुरे यहा पे कभी न मरेगा रावण एक बार राम तो बन के दिखाओ फिर न बच पायेगा रावण अच्छाई को अपनाओ बुराई को भगाओ..... मोह माया,स्वार्थ का करो त्याग परमार्थ को अपनाओ। **- शत्रुंजय तिवारी**

विपदा में धारण धैर्य करता है

विपदा में धारण धैर्य करता है, वही धैर्यवान कहलाता है सच्चाई का साथ निभाये, भला आदमी वही बन जाता है। कर्म का फल भोगता इंसान जहां में, दोष प्रभु पर मढ़ता जाता है। जो बोया है वही पायेगा, पर भाग्य कोस घबराता है। **- कुमुद श्रीवास्तव**

QUIZ TIME

1) किसका असली नाम सोमारू था?

2) पोतें स्मृति चिकित्सा शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत कितनी छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती है? (तीन / चार)

3) स्मार्ट सिटी पायलट योजना का शुभारम्भ किस नगर से किया गया है?

4) अन्न बैंक योजना सबसे पहले कहाँ लागू की गई थी?

5) कवर्धा रियासत की महारानी का नाम

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) गुण्डाधूर (2) चार (3) रायपुर (4) दुर्ग (5) शशिप्रभा देवी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 28 अक्टूबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं। 1867- स्वामी विवेकानंद की शिष्या भगिनी निवेदिता का आयरलैंड में जन्म। 1891- जापान में आये भूकंप से 7300 लोग मरे। 1918- आस्ट्रिया और हंगरी के अलग होने के बाद चेकोस्लोवाकिया स्वतंत्र हुआ। 1954- अर्नेस्ट हेमिन्गवे को साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला। 1955- मिस्र और सऊदी अरब ने रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए। 1955- माइक्रोसाफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स का वाशिंगटन में जन्म। 2009- पाकिस्तान के पेशावर में बम धमाके से 117 मरे, 213 घायल। 2011- विख्यात व्यंग्यकार श्रीलाल शुक्ल का निधन । 2012- सीरिया में संघर्ष विराम उल्लंघन के बाद 128 लोग मारे गये। 2012- जर्मनी के सेबेस्टियन वेटेल ने वर्ष 2012 का फार्मूला वन इंडियन ग्रां प्री खिताब जीता। 2013- लोकप्रिय उपन्यासकार राजेंद्र यादव का निधन । 2014-ऑस्ट्रेलिया ने इबोला वायरस से प्रभावित देशों के सभी वीजा पर प्रतिबंध लगाया। 2018 - दक्षिणपंथी नेता जाइर बोल्सोनारो ब्राजील के राष्ट्रपति चुने गए।

रेमो डिसूजा और उनकी पत्नी के खिलाफ चार्जशीट पेश

गाजियाबाद। फिल्म में कमाई कराने के बहाने करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में मशहूर कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किया गया है। पुलिस ने आरोप पत्र में कोरियोग्राफर की पत्नी लिजेल डिसूजा को भी आरोपी बनाया है। अदालत में अभी आरोप पत्र पर संज्ञान नहीं लिया है। इससे डिसूजा दंपति की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। पीड़ित सतेंद्र त्यागी मोरटा के रहने वाले हैं। उनके वकील मोहनीश जयंत ने बताया कि कोरियोग्राफर रेमो और सतेंद्र त्यागी दोनों में दोस्ती थी। रेमो कई बार उनके घर भी आए थे। इसी सिलसिले में रेमो ने सतेंद्र त्यागी से फिल्म उद्योग में पैसा लगाकर मोटी कमाई कराने का आश्वासन दिया था। रेमो के कहने पर सतेंद्र त्यागी ने करीब सात वर्ष पहले पांच करोड़ रुपये लगा दिए, लेकिन बाद में रेमो ने धोखाधड़ी करके रुपये देने से इनकार कर दिया था, तब सतेंद्र ने करोड़ों की ठगी करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराने के लिए अदालत में अर्जी दाखिल की थी। अदालत के आदेश पर ही सिहानीगेट थाने में रेमो डिसूजा के खिलाफमुकदमा हुआ था। पुलिस ने विवेचना पूरी होने पर दो दिन पहले रेमो डिसूजा और उसकी पत्नी को आरोपी बनाकर आरोप पत्र दाखिल किया है।

करीना कपूर ने बहन के साथ किया शूट

थाना पलारी द्वारा दिनांक 28.02.2017 को रिपोर्ट दर्ज कराई की उसकी लडकी कुमारी विद्या पिता बालक दास उम्र 25 वर्ष ग्राम लरिया थाना पलारी घर से बिना बताये कहीं चली गई है जिस पर गुम इंसान क्रमांक 20/2017 कायम कर पता तलाश में लिया गया। पता तलाश के दौरान दिनांक 27.10.2020 को गुमशुदा को बरामद किया पूछताछ पर अपने प्रेमी खिलेश्वर पारकर से शादी करना बतायी। जिस पर गुम महिला व उसके पति के माता पिता से भी पूछताछ किया दोनों परिवार लडका लडकी के राजी खुशी से शादी करना बताया गया कि गुमशुदा लडकी को उसके परिजनों को सौंपा गया। उसी तरह फागूराम चंद्राकर पिता संतराम चंद्राकर उम्र 54 वर्ष ग्राम नागपुरा थाना पलारी द्वारा दिनांक 22.10.2020 को रिपोर्ट दर्ज इसकी पत्नी श्रीमती भुनेश्वरी चंद्राकर पति फागूराम चंद्राकर उम्र 45 वर्ष ग्राम नगपुरा घर से बिना बताये कहीं चली गई है कि रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 56/2020 कायम कर पता तलाश में लिया गया। पता तलाश के दौरान दिनांक 27.10.2020 को गुमशुदा को बरामद किया गुमशुदा को उसके पति को सुपुर्दनामा पर दिया गया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सीएम ने औचित्य...

की आपत्तियों का जवाब देते हुए केंद्र के क़ानून को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े करते हुए स्पष्ट किया कि, राज्य का यह संशोधन विधेयक केंद्र के कानून से टकराता नहीं है, यह संशोधन विधेयक केवल प्रदेश के किसानों के हित की रक्षा करता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा हम से माँग कर रहे थे आप लोग कि साठ लाख मिला है, अब धान ख़रीदिए ! पंजाब हमसे छोटा है न उसे एक करोड़ साठ लाख दिया गया है, चलिए दिलवाईए हमें भी दिलवाईए इतनी राशि हम भी खरीदेंगे एक एक दाना। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा एथनॉल बनाने की अनुमति दी गई है लेकिन शर्त है कि एफसीआई से धान लिया जाए, क्यों ऐसा नियम। हमने पत्र लिख कर एथनॉल का प्लांट लगाने के लिए धन्यवाद दिया है पर एफसीआई की शर्त हटाने का भी आग्रह किया है। आखिर छत्तीसगढ़ हमारा राज्य है यहां के किसान हमारे हैं हमारे अतिशेष धान उनसे क्यों नहीं लेंगे।

विशेष सत्र बुलाए जाने पर विपक्षियों को आड़े हाथों लेते हुए सीएम श्री बघेल ने कहा विशेष सत्र इसलिए लाया गया ताकि संशोधन एक्ट पर चर्चा हो और जनता जान सके, किसान जान सके कि हम क्या कर रहे हैं। केंद्र का कानून किसान और उपभोक्ता के साथ धोखा है। मुख्यमंत्री बोले एक क़ानून की बात की जाती है केंद्र सरकार से कहिए एक दर रखें चाहे किसान कहीं बेचे अपनी फसल आप चलिए हमारे साथ, पर आप नही कहेंगे, क्योंकि ये कानून उद्योगपतियों के लिए है। सदन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा किसान अपने उत्पादन की क़ीमत तय नहीं कर सकता। इसलिए सरकार के संरक्षण की आवश्यकता है और सरकार वही कर रही है।

सत्र के औचित्य...

विशेष सत्र में पहले ही दिन जिस प्रकार धान खरीदी की तारीख को लेकर विपक्ष ने हंगामा मचाया लग रहा था दोनों दिन के लिए उन्होने अपना एजेंडा तय कर रखा है क्योकि उन्हे मालूम है सरकार ने यह सत्र आहूत क्यो किया। पहली नवंबर से ही धान खरीदी करने को लेकर बृजमोहन अग्रवाल, शिवरतन शर्मा, नारायण चंदेल व अजय चंद्राकर ने आवाज बुलंद किया और कई ऐसी बातें कह दी कि सदन को कुछ देर के लिए स्थगित भी करना पड़ गया। वे इस बात पर भी अड़े हुए थे कि प्रति एकड़ बीस क्विंटल धान की खरीदी की जाए। हालांकि मालूम हो इस बार बारिश देर तक हुई है और धान की आमद होने में विलंब को देखते हुए सरकार खरीदी की तारीख एक नवंबर के बाद करने जा रही है।

विशेष सत्र क्यों...

और तीखे अंदाज में बोलता देख इसके जवाब में संसदीय कार्य मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा यह विशेष सत्र आवश्यक था। तभी अध्यक्ष चरणदास महंत ने व्यवस्था दी यह सत्र नियमों के अनुरूप लागू किया गया है, व्यवस्था का प्रश्न अग्राह्य किया जाता है।

तेज रफ्तार कार ने...

वापस तेज रफ्तार कार चलाते हुए जानबूझकर ग्रामीणों की तरफ अपनी कार चढ़ा दी। जिसमें मौके पर ही एक चार साल के बच्चे की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। जिन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जिसमें से गंभीर चार लोगों को रायपुर रेफर किया गया है। ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह से नेशनल हाइवे जाम करते हुए कार्यवाही की मांग करती रही। इस दौरान तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। जिसे देखते हुए काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे, जिससे कि पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गई थी।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गरियाबंद पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुखनंदन राठौर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल संतोष महतो के मार्गदर्शन और उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय टी0आर0 कंवर एवं अनुविभागीय अधीकारी पुलिस गरियाबंद संजय ध्रुव के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित कर यथाशीघ्र आरोपी पता तलाश में टीम जुट गई तथा रातभर सर्च अभियान चलाकर दोनों आरोपियों को घने अंधेरी रात तथा जंगलों के बिच पकड़ा गया। जिसके बाद आरोपियों से पुछताछ करने पर दुश्मनीवश सभी लोगों को जान से मारने के लिए कार को जानबुझकर तेज रफ्तार में चलाकर लोगों को रौंदते हुए भाग जाना बताया तथा घटना में प्रयुक्त कार विटारा ब्रेजा क्रमांक सीजी 23- जे -6520 को आरोपियों द्वारा छिपाकर रखे स्थान में ले जाकर गवाहों के समक्ष बरामद किया गया। थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद में प्रार्थी लाकेश्वर ध्रुव की रिपोर्ट पर आरोपी रोमित राठौर 25 साल निवासी रावनभाठा तथा सौरभ कुटारे 26 साल अंबेडकर चौक दोनों निवासी गरियाबंद के विरूद्ध धारा 302, 307, 34 भादवि के तहत् मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस ने तत्परता पूर्वक प्रार्थी की रिपोर्ट पर शीघ्र प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर चंद घण्टों के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमाण्ड में पेश करने की तैयारियां जारी है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल से चर्चा करने पर अपराधियों पर लगातार कड़ी कार्यवाही जारी रहने की बात कही गई है।

मरवाही: भाजपा-कांग्रेस के...

लहर के द्वारा जीता जा सकता है लेकिन चुनाव मैदान से ही बाहर हो जाने के कारण जोगी परिवार सहानुभूति से उपजे वोट को कहां ट्रांसफर करेगा यह फिलहाल यक्ष प्रश्न है लेकिन श्रीमती रेणु जोगी और अमित जोगी जिस तरह कांग्रेस के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार कर लिए है उससे तो यह स्पष्ट हो गया है कि जोगी परिवार कांग्रेस के खिलाफऐलानिया तौर पर हो गया है यानि उनकी पूरी कोशिश है कि कांग्रेस को जोगी कांग्रेस के वोट कदापि नहीं मिले लेकिन वह वोट भाजपा को सीधे तौर पर बल्क में चला जायेगा यह भी सम्भव नहीं है। भाजपा के नेता इसके लिए प्रयास कर रहे हों ऐसा लग भी नहीं रहा है ।

जोगी कांग्रेस के लगभग 80 फीसदी कार्यकर्ता पार्टी छोड़ चुके है जो कभी अजीत जोगी और अमित जोगी के लिए चुनाव में कार्य करते थे जाहिर है ये कार्यकर्ता जिस पार्टी में लौटे है चुनाव में उसी पार्टी के लिए काम करेंगे। अमित जोगी चन्द समर्थको के साथ चुनाव परिणाम को प्रभावित कर पायेंगे ऐसा लगता तो नहीं फिर भी 10 से 15 हजार वोट वे इधर उधर कर सकते है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400704/अ-02

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री कमलेश हटेकर आ. लालजी राव हटेकर एवं अन्य 01 निवासी शंकर नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 845/241 रकबा 0.023 हें/ 2500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400439

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री नीरज कुमार मिश्रा आ. नागेन्द्र कुमार मिश्रा निवासी भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम जामुल प.ह.न. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 529/12 रकबा 0.021 हें/ 2200 वर्गफीट का वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400677

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती आशा बाई बोहत जौ. स्व. इमरत लाल बोहत अन्य 03 निवासी क्वा. नं. 02 ए सड़क 39 सेक्टर 07 भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 273/2, 274/4 रकबा 0.0230 हें/ 2500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

एबीसी स्कूल में दशहरा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

खरोरा/सारागांव। एबीसी स्कूल सारागांव में छात्रों ने ऑनलाइन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया।बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में दशहरा त्योहार को मनाया जाता है इस अवसर पर अधिकांश छात्रों ने अपने घर से ही ऑनलाइन फैंसी ड्रेस के लिए अलग -अलग गेटअप में अपना फ़ोटो शेयर किए।नौनिहालों ने हनुमान, भगवान राम ,सीता,अंगद, सुग्रीव और रावण के ड्रेस में अपने आप को तैयार किया । यह जागरूकता बताता है कि हम अपने समाज और देश के लिए अपनी संस्कृति और संस्कार को धरोहर के रूप में आज भी पारंपरिक ढंग से निर्वाह करते हैं।प्राचार्य ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए यह त्योहार हम सब को प्रेरणा देती है।नित्य सकारात्मक विचार धारा के माध्यम से हमसब को अपने भीतर पल रही नकारात्मक विचारों का त्याग करना चाहिए और श्रीराम के आदर्शों को अपनाना चाहिए तभी एक आदर्श समाज व देश का निर्माण संभव हो पायेगा।

पुलिस परिवार एवं प्रेस परिवार के बीच चैरिटी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

खरोरा। खरोरा के बाबा न्यूज़ एजेंसी और खरोरा प्रेस क्लब के सयुक्त तत्वाधान में पुलिस परिवार और प्रेस परिवार के बीच चैरिटी क्रिकेट का आयोजन नगर के मिनी स्टेडियम में किया गया जिसमें अतिथि के रूप थानाप्रभारी नितेश ठाकुर में भाजपा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष गुलाब टिकरिहा, नप अध्यक्ष अनिल सोनी एवम नप के पार्षद गन एवम खरोरा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, पुलिस इलेवन के कैप्टन उपनिरीक्षक रविन्द्र ध्रुव थे तो प्रेस क्लब इलेवन के कैप्टन भरत कुंभकार थे पुलिस इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की जिसमे गजेंद्र ध्रुव वंसी ने गागनचुम्बी छक्के उड़ाए और एक सम्मन जनक स्कोर खड़ा किया, वही प्रेस क्लब की टीम।जल्द ही आउट हो गई और स्कोर तक पहुच नही पाए और उन्हें हार का सामना करना पड़ा, दूसरा मैच फिर सुपर ओवर का खेला गया जिसमें फिर पुलिस इलेवन की टीम ने बाजी मारी , जीतने वाली टीम को आये अतिथियों ने ट्राफी देकर सम्मनित किया वही मैन ऑफदी मैच के गजेंद्र ध्रुव वंसी को भी ट्राफी मिली। थाना प्रभारी ने भी व्यक्तिगत रूप से जीती टीम को 2000 का पुरुस्कार दिया , उक्त मैच में शानदार कमेंट्री के लिए विशेष रूप से राजा भाटिया, और पार्षद टॉर्न ठाकुर को आमंत्रित किया गया था स्कोरर के रूप में नप के उपाध्यक्ष पन्ना देवांगन ने साथ दिया।

आदर्श युवा संघ व्दारा नि :शुल्क औषधि पेय काढा वितरण

खरोरा। रावनभाठा चौक केसला मे बडे धुमधाम से नवरात्र उत्सव का आयोजन किया गया है, यहॉ विराजित माता रानी के दरबार मे उक्त दुर्गोत्सव समिति के लोगो व्दारा हर रोज नये नये आयोजनो के माध्यम से लोगो मे जागरूकता लाने का प्रयाश किया जाता है। शिक्षा, स्वास्थ, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, युवा चेतना जैसे प्रमुख विषयो पर लोगो मे जागरूकता लाने के उद्देश्य से अनेको कार्यक्रमो का आयोजन करने वाले आदर्श युवा समिति के लोगो व्दारा पिछले दिनो रावनभाठा के माँ दुर्गा पंडाल मे नि:शुल्क औषधि पेय काढ़ा वितरण किया गया। साथ ही समिति के लोगो व्दारा जनमानस को काढ़ा का महत्व बताते हुवे काढ़ा बनाने की विधी बताकर, अपने घरों मे काढ़ा बनाकर सपरिवार काढ़ा पीने हेतू प्रेरित भी किया गया। *वही नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी ने इस आयोजनो के लिए आदर्श युवा संघ की तारिफ करते हुवे कहॉ की काढ़ा पेय आयुर्वेद का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, अच्छे स्वास्थ और शरीर के रोग प्रतिरोध क्षमता बढाने के लिए काढ़ा एक अच्छा माध्यम है हम सभी को काढ़ा का उपयोग करना चाहिए।

46 की जाँच रिपोर्ट क़ोरोना पॉज़ीटिव

महासमुंद। जिले में सोमवार को 887 कोरोना संदिग्ध व्यक्तियों की जाँच में 46 की कोरोना जाँच रिपोर्ट पॉज़ीटिव आयी है वहीं 232 क़ोरोना पॉज़ीटिव पूरी तरह ठीक हो कर अपने घर गए। अब तक कुल 4442 पॉज़ीटिव आए जिनमें से 3772 स्वस्थ्य होकर घर सुरक्षित पहुँचें। वर्तमान में जिले में एक्टिव मरीज़ों की संख्या 607 है। आज की जाँच आरटीपीसीआर से 163, ट्रू नाट से 77 और एंटीजन से 647 किए गए। सर्वाधिक महासमुंद विकासखंड में 17 लोगों की जाँच रिपोर्टों पॉज़ीटिव पायी गई। वहीं पिथौरा ब्लॉक से 13, बसना विकासखंड से 8, सरायपाली ब्लॉक से 5 और बागबाहरा ब्लॉक के लिए आज भी राहत की खबर यहाँ से केवल 3 व्यक्ति पॉज़ीटिव जाँच रिपोर्ट में पाए गए हैं।

बिजली खम्बे सहित ट्रांसफार्मर लगाने आश्वासन

महासमुंद। बिजली खम्भे व ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर ग्राम मचेवा के नागरिकों ने सोमवार को संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चन्द्राकर से मुलाकात की। जिस पर संसदीय सचिव श्री चन्द्राकर ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। सोमवार को ग्राम मचेवा के वार्ड 1 के नागरिक के निषाद, तुलाराम, ज्ञानकुमार साहू, जयराम देवांगन, पन्नालाल देवांगन, विवेक पटेल, जितेंद्र चतुर्वेदी, कमलनारायण साहू, एस एन शर्मा, ईश्वर साहू, केएल साहू आदि ने संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव श्री चन्द्राकर से मुलाकात की। नागरिकों ने बताया कि यहाँ लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है जिससे नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वार्ड में पर्याप्त संख्या में बिजली खंबे नहीं होने से कई लोगों को टीसी कनेक्शन का अतिरिक्त भार वहन करना पड़ता है। उन्होंने वार्ड में बिजली खम्बे सहित ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। जिस पर संसदीय सचिव श्री चन्द्राकर ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

निधन

राजा महेंद्र बहादुर सिंह

महासमुंद। फिंगेश्वर राज और सरायपाली रियासत के राजा महेन्द्र बहादुर सिंह (96) का सोमवार देर रात निधन हो गया। सप्ताहभर पहले तबीयत बिगडने़ पर उन्हे रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर शोक की लहर दौड़ गई। उन्हे आज अंतिम विदाई दी जाएगी। बता दें कि वे अविभाजित मध्यप्रदेश में मंत्री रहे। राज्यसभा में दो बार सदस्य चुने गए। सात बार के विधायक और सबसे वरिष्ठ होने से उन्हें छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रथम (प्रोटेम) स्पीकर होने का गौरव प्राप्त है। स्वतंत्र भारत में साल 1957 से महेंद्र बहादुर सिंह कई चुनाव लड़े और जीते। जब कांग्रेस ने उन्हें प्रत्याशी नहीं बनाया तो वे निर्दलीय भी बसना क्षेत्र से चुनाव लड़े और जीतकर आए। उनके निधन पर राज्यपाल अनुसुईया उइके, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने शोक जताया है।

स्वास्थ्य कर्मी अपनी मांगों के संबंध में 2 एवं 3 नवंबर को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे

डौंडीलोहारा। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांत अध्यक्ष ओपी शर्मा के आह्वान पर बालोद जिला के समस्त कर्मचारी 2 एवं 3 नवंबर को अपनी मांगों के संबंध में सामूहिक अवकाश पर रहेंगे, शासन को पूर्व में कई बार अपनी मांगों के लिए ज्ञापन दिया गया, लेकिन शासन द्वारा अभी तक मांगों को पूर्ण नहीं किया गया है ,छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बालोद जिला अध्यक्ष जसराज शर्मा ने बताया कि 50 लाख का बीमा जोखिम भत्ता सहित 7 सूत्री मांगों के संबंध में शासन को अवकाश की चेतावनी दिया गया है, कोरोना संक्रमण के खतरे के बीच स्वास्थ्य कर्मचारी जान जोखिम में डाल डयूटी करते आ रहे हैं, संघ की प्रमुख मांगों में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को कोरोना। से निधन होने पर 50 लाख का बीमा एवं आश्रितों को योग्यता अनुसार तत्काल अनुकंपा नियुक्ति दी जावे, कोरोना संक्रमित अधिकारी कर्मचारी का चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयको का तत्काल भुगतान किया जावे, स्वास्थ्य कर्मचारियों का वेतन विसंगति दूर किया जाए, कोविड डयूटी अधिकारी कर्मचारी को 14 दिन की डयूटी 7 दिवस क्वॅारेंटाइन किया जावे, अधिकारी कर्मचारियों को जोखिम भत्ता मूल वेतन का 10त्न प्रति माह 1 माह का अतिरिक्त वेतन दिया जावे, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को जुलाई 2020 की वेतन वृद्धि व लंबित मांगे भत्ता देने हेतु आदेश किया जावे, जिला पदोन्नति समिति गठित कर योग्यता धारी कर्मचारियों को पदोन्नति दिया जावे, नवीन पेंशन योजना को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जावे, संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण किया जावे, इसके अलावा अन्य मांगों पर भी सकारात्मक पहल होनी चाहिए, इस संबंध में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया ,संघ के सदस्यों ने कहा कि शासन स्तर पर मांग के प्रति अधिक कोई पहल नहीं हुई तो 2 एवं 3 नवंबर को सभी स्वास्थ्य कर्मचारी आकस्मिक अवकाश पर रहगे।

6.60 करोड़ रु. से महासमुंद में होगा सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक का निर्माण

- **संसदीय सचिव का प्रयास लाया रंग, केंद्र सरकार से मिली हरी झंडी**

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। छह करोड़ 60 लाख की लागत से महासमुंद में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक का निर्माण किया जाएगा। संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल से इसके लिए केंद्र सरकार से हरी झंडी मिली है। राशि स्वीकृत होने के बाद जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

मिली जानकारी के अनुसार संसदीय सचिव श्री चंद्राकर काफी सालों से महासमुंद में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक निर्माण को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराते रहे हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद श्री चंद्राकर ने प्रमुखता से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से दिशा में ध्यानाकर्षित कराया। बाद इसके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर भारत सरकार के युवा कल्याण और खेल मंत्रालय द्वारा खेलो इंडिया योजना के तहत महासमुन्द में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक निर्माण के राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक निर्माण के लिए 6 करोड़ 60 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि राज्य के खिलाडिय़ों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार लगातार बड़े कदम उठा रही है। छत्तीसगढ़ के खिलाडिय़ों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मापदण्डों के अनुरूप खेल अधोसंरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में महासमुंद जिले में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक का निर्माण किया जाएगा। इधर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक निर्माण की स्वीकृति मिलने पर जनपद अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर, स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष दाउलाल चंद्राकर, हरदेव ढिल्लो, जसबीर ढिल्लो, राशि महिलांग, संजय शर्मा, नानू भाई, बबलू हरपाल, राजेश नेताम, केआर नायक, मनोजकांत साहू, दिलीप कृष्णानी, बाबी जिंदल, भूपेश पोपट, एस चंद्रसेन, जसबीर सिंह मक्कड़, लवेश चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, अदालत प्रसाद दुबे, ओपी जायसवाल, देवेश निषाद, राजेश शर्मा, प्रशांत श्रीवास्तव, इमरान अली, शबाब कुरैशी, नुरेन चंद्राकर, सुनील भोई, रूपेश महिलांग, हेमंत बारिक, आलोक द्विवेदी, नरेश चंद्राकर, संतोष साहू, राजेश दीवान, हिरेंद्र साहू, सुधीर प्रधान, गणेश कोसरे, बंटी चावला, मनीष चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, खिलावन बघेल, आशीष कुशवाहा, इरफान अली, कपिल पेंदरिया, चारूलता गजपाल, भारती सोनी, गौरव चंद्राकर, मुकेश साहू, मोबिन कुरैशी आदि ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

दादा को नाती देखने की इच्छा पड़ी भारी, महिला ने डंडे से जमकर की पिटाई, मामला दर्ज

महासमुंद। एक दादा को अपने नाती को देखने की इच्छा जाग गई। और अपने एक साथी के साथ गांव से करीब 30 किमीमीटर दूर गांव नर्रा पहुंचा। जहां पर दादा नाती तो देख नहीं पाया बल्कि नाती के मां ने अपने पूर्व ससूर की डंडे से जमकर पिटाई कर दी। पिटाई के बाद तत्काल वापस लौट आया, इसकी शिकायत कोमाखान पुलिस को दी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। प्रार्थी लीलाराम पटेल बागबाहरा सुखरीडबरी ने पुलिस को बताया कि रविवार 25 अक्टूबर को दोपहर लगभग 03:00 बजे के करीब मै और मेरे साथी धनीराम यादव के साथ अपने नाती कमलनारायण पटेल उम्र 05 वर्ष को देखने के लिये ग्राम नर्रा गए। मेरी बहू गीतांजली पटेल मेरे पुत्र तेजराम पटेल से तलाक लेकर दूसरा पति बना कर ग्राम नर्रा में चली गई है। साथ में मेरे नाती को भी ले गई है, जिसे देखने के लिये मैं नर्रा गया हुआ था।उसके घर के पास अपने साथी के साथ बातचीत कर रहा था। तभी मेरी आवाज को सुनकर गीतांजली पटेल घर से बाहर डंडा लेकर निकली और कौन तेरा नाती, कौन तेरा बहू कहते हुए अपशब्द गाली-गलौज करते हुए डंडा से मारपीट किया तथा दोबारा आओगे तो जान से मार दूंगी कहते हुए धमकी दी। प्रार्थी ने महिला के मारपीट से मष्तक, दाहिने आंख के ऊपर, बायें हाथ की ऊंगली में तथा दाहिने पैर के घुटना में चोंट लगी है।

जनभागीदारी शुल्क में शत-प्रतिशत छूट प्रदान करें महाविद्यालय : अभाविप

महासमुंद/बागबाहरा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की बागबाहरा नगर इकाई ने पीजी कॉलेज एवं गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्यों के समक्ष प्रवेश के दौरान विद्यार्थियों से लिए जाने वाले जनभागीदारी शुल्क में शत-प्रतिशत की छूट देने की मांग रखी है. अभाविप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य द्रोण पटेल ने बताया कि कोविड-19 संक्रमण के चलते पूरे देश में सभी आयवर्गों के लोगों को जो आर्थिक समस्याएँ हो रहीं है, उसी के चलते निम्न एवं निम्न मध्यम वर्ग के विद्यार्थियों को भी महाविद्यालयों के प्रवेश शुल्क चुकाने में कठिनाइयाँ हो रही हैं. इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए अभाविप ने पीजी कॉलेज और गर्ल्स कॉलेज दोनों के प्रचार्यों के समक्ष प्रवेश शुल्क में से जनभागीदारी शुल्क में शत-प्रतिशत छूट देने की मांग रखी है।

अभाविप के नगर सहमन्त्री कुबेर यादव ने कहा कि वैसे भी महाविद्यालयो के जनभागीदारी मद केवल 'छात्र भागीदारी' मद बनकर रहे गए हैं. प्रवेश के दौरान विद्यार्थियों के शुल्क के रूप में ली गई दानराशि ही इस जनभागीदारी मद का एकमात्र स्त्रोत रह गई है. परिषद् के मन्तव्य से तो इसका 'जनभागीदारी' नाम ही अप्रासंगिक रह गया है इसलिए महविद्यालयों को संकट की इस घड़ी में जनभागीदारी के नाम पर इस तरह के शुल्क नहीं लेने चाहिए. इस अवसर पर योगेन्द्र यादव, पूनम निषाद, खेमराज ध्रुव, योगेश, तीरथ सहित अन्य कार्यकर्त्ता भी उपस्थित थे।

अवैध शराब के दो प्रकरण में बेमेतरा एवं कंडरका पुलिस की कार्यवाही

साजा । समस्त थाना / चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत दिनांक 24 व 25 को थाना बेमेतरा एवं चौकी कंडरका को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम पेंड्रीतराई का रहने वाले रामखिलावन सिन्हा व ग्राम भिंभौरी तालाब पास रोड किनारे एक व्यक्ति बिना अनुज्ञप्ति पत्र के अपने कब्जे में शराब रखकर अवैध रूप से धन अर्जित करने के नियत से शराब बिक्री करने हेतु रखे है कि सूचना पर थाना बेमेतरा व चौकी कंडरका स्टाफ द्वारा गवाहो के साथ मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकडा गया। जिसमें अलग अलग 02 प्रकरण में 02 आरोपी रामखिलावन सिन्हा पिता समयलाल सिन्हा उम्र 57 साल साकिन पेन्ड्रीतराई थाना बेमेतरा के कब्जे से 05 पौवा अंग्रेजी शराब, 01 बोतल देशी प्लेन जप्त किया।

साजा विधानसभा में कृषि मंत्री रवीन्द्र चौबे की अनुशंसा से 23 नवीन सेवा सहकारी समिति गठित

साजा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा अध्यक्ष संतोष वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि मंत्री रवीन्द्र चौबे की अनुशंसा से छत्तीसगढ राज्य की सहकारिता विभाग ने 23 नवीन समिति साजा विधानसभा में गठित की है जिसमें 14 नवीन समिति की स्वीकृति साजा ब्लॉक को मिली है एवम् धमधा ब्लॉक में 9 समिति गठित हुआ, जो छतीसगढ़ के भूपेश बघेल की सरकार की किसान हितैषी निर्णय को दर्शाता है। वहीं केबिनेट मंत्री श्री चौबे की दूरगामी सोच से यह संभव हुआ है। जो कार्य पूर्व सरकार एवम् पूर्व विधायक नहीं कर पाए, उसको कृषि मंत्री व क्षेत्रीय विधायक ने महज 2 वर्ष से पहले ही कर दिखाया। किसानों ने मंत्री का आभार व्यक्त किया है एवम् किसानों की बीच खुशी की लहर है नवीन समिति गठित से किसानों को धान बेचने एवम् लाने ले जाने में आसान होगा-

नवीन गठित समिति निम्न है - साजा ब्लॉक - सेवा सहकारी समिति मर्यादित घोटवानी, कांपा, खाती, सैगोना, कुरूद, दर्री, भरदाकला, सोमइकला, केवतरा, अकलवारा, सहसपुर, मोहतरा एवम् चेचानमेटा शामिल है।

राष्ट्रीय शौर्य पुरस्कार के लिये आवेदन 5 नवम्बर तक आमंत्रित

गरियाबंद। जिले के बालक/बालिकाओं से राष्ट्रीय शौर्य पुरस्कार हेतु निर्धारित प्रारूप अंग्रेजी में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। राष्ट्रीय शौर्य पुरस्कार हेतु बालक/बालिका द्वारा अपनी जान की परवाह किये बिना दूसरे की जान बचाने हेतु वीरता का किया गया कार्य, उम्र घटना दिनांक को कम से कम 06 वर्ष एवं अधिकतम 18 वर्ष तक, शौर्य पुरस्कार की अवधि - 01 जुलाई 2019 से 30 जून 2020 के मध्य हो।

शौर्य पुरस्कार नामांकन के लिये आवेदन करने के लिये न्यूनतम 06 वर्ष और अधिकतम 18 वर्ष के बालक-बालिका होना अनिवार्य है। शौर्य कार्य की अवधि एक जुलाई 2019 से 30 जून 2020 के मध्य होना चाहिये। शौर्य पुरस्कार पात्रता के लिये आवश्यक कागजात में एफ़आई.आर. अथवा पुलिस डायरी, समाचार पत्रों की कतरने जो शौर्य कार्य के बाबत् प्रकाशित हुई हो, दो पासपोर्ट साइज के वर्तमान फोटो सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित, एवं 4 अतिरिक्त पासपोर्ट साइज के फोटो, घटना का विस्तृत विवरण प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग/पुलिस या अन्य विभाग) द्वारा सत्यापित हो, नामांकन /आवेदन तीन प्रतियां में निर्धारित पत्र संलग्न प्रारूप के अनुसार पूर्ण रूप से अंग्रेजी में भरे हुए होना चाहिए, शामिल है।

कलेक्टोरेट मे सतर्कता जागरुकता सप्ताह अन्तर्गत ईमानदारी की शपथ ली गई

गरियाबंद । शासन के निर्देशानुसार 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2020 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसका विषय सतर्क भारत समृद्ध भारत है। सतर्कता जागरुकता सप्ताह अंतर्गत आज मंगलवार को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट परिसर मे कलेक्टर छतर सिंह डेहरे द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों को भ्रष्टाचार मिटाने के लिए मिलकर काम करने की शपथ दिलाई गई। शपथ मे कहा गया कि भ्रष्टाचार हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रगति की बड़ी बाधाओं मे से एक है। सरकार, नागरिक और निजी क्षेत्र जैसे सभी हितग्राहको को भ्रष्टाचार मिटाने के लिए मिलकर काम करने की जरुरत है। जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करने, रिश्वत नहीं लेने और देने, जनहीत में काम करने और अपने निजी आचरण में ईमानदारी का उदाहरण प्रस्तुत करने की शपथ ली गई।

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने किया नवीन कोविड सेंटर का उद्घाटन

बेमेतरा/साजा। सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा द्वारा शैय्या दान पुण्य कार्य नवीन कोविड सेंटर शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू कला एव विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा में आयोजित किया गया, जिसमें बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुये।ज्ञात हो कि पितृ पक्ष से पुरुषोत्तम मास पर्यंत तक किये गए शैय्या दान के सहयोग से बेमेतरा जिले में नवीन कोविड ससेंटर प्रारम्भ किया गया है, इस असवर पर विधायक आशीष छाबड़ा द्वारा मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में सपाद लक्षेश्वर धाम संस्था द्वारा दिये गये सहयोग की प्रशंसा की और कहा कि विपदा की इस घड़ी में हमे एक दूसरे के सहयोग हेतु आगे आना होगा तथा दवाई के आविष्कार तक हमे मास्क और समाजिक दूरी का पालन करना होगा। इस अवसर पर पूज्य ब्रह्मचारी श्री ज्योतिर्मयानंद शिव गंगा आश्रम सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा, श्रीमतीं शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, प्रनिष चौबे, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, मनोज शर्मा सभापति बेमेतरा, राम ठाकुर सभापति बेमेतरा, मिथकेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, रानी डेनिम सेन पार्षद, जया साहू पार्षद, साधेलाल बघेल सभापति, अजय सेन, सौरभ राघव, उप पुलिश अधीक्षक विमल बैस, अनुविभागीय अधिकारी दुर्गेश वर्मा, मुख्य चिकित्सक अधिकारी सतीश शर्मा, मुख्यूनगर पालिका अधिकारी होरीसिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

ग्राम चिचोली में यादव समाज सामुदायिक भवन का ब्लाक अध्यक्ष सुशील ने किया भूमिपूजन

नांदघाट। नांदघाट ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील साहू ने ग्राम चिचोला के यादव समाज सामुदायिक भवन का भुमिपूजन पूरे विधी विधान से पूजा अर्चना कर किया। विदित हो कि छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व नवागढ़ विधानसभा विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे द्वारा विधायक निधि से यादव समाज सामुदायिक भवन हेतु 6.50 लाख रू की स्वीकृति दी गई। संसदीय सचिव श्री बंजारे ने पिछले वर्ष मड़ई मातर कार्यक्रम में यादव समाज सामुदायिक भवन की घोषणा की थी, जिसको पूरा करते हुए उन्होंने इसकी तत्काल स्वीकृति कराई।जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष व पदाधिकारी द्वारा माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व माननीय संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे के नाम मांग पत्र ब्लाक अध्यक्ष सुशील साहू को सौपा गया। उक्त मांग पत्र को मुख्यमंत्री व संसदीय सचिव के पास पहुचाने व बात रखने का पूर्ण आश्वासन दिया गया।

नांदघाट ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील कुमार साहू ने ग्राम चिचोली में माँ गायत्री की आरती में शामिल हुए व गायत्री परिवार से मुलाकात किये। भूमिपूजन के अवसर पर प्रमुख रूप आरिफ बाठिया प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस, श्रीमति मनीषा धृतलहरे, त्रिलोक साहू, हीरा भारती सचिव जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, यादव समाज के अध्यक्ष अघनु यादव, सचिव ग्राम पंचायत रामसेवक वर्मा, ग्राम पंचायत कामता सचिव सुखदेव कुर्रे, रोजगार सहायक सेला राम पाल, रोजगार सहायक संदीप साहू, ग्राम पंचायत दर्री सरपंच प्रतिनिधि नागेंद्र महिलांगे, ग्राम पंचायत अकोली सरपँच प्रतिनिधि प्रेम नवरंग, महेतर साहू महेतर यादव, पूर्व सरपंच भोला राम बंजारे, पंच गणेश राम साहू, परस राम साहू, शिवनारायण नॉरगे, रामचरण ध्रुव, श्री मति मिना बंजारे, श्री मति यसोदा साहू, श्रीमती डेरहिंन साहू, श्रीमती फूल बाई ध्रुव, श्रीमति दुर्गेश बाई यादव, श्रीमति अश्वनी यादव, गामु साहू व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

■ न्यूज गैलरी

होटल/ढाबा में अवैध रूप से शराब पिलाने वालो के विरूद्ध पुलिस की कार्यवाही

डोंगरगढ़। थाना प्रभारी अलेक्जेंडर किरो के मार्गदर्शन में थाना टीम द्वारा क्षेत्र के होटल/ढाबा में अवैध रूप से शराब पिलाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही की गई है मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के होटल/ढाबा के संचालको द्वारा शराब पिलाने की सुविधा देने की सुचना पर 25 अक्टुबर दिन सोमवार को पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र के होटल/ढाबा में रेड कार्यवाही कर अवैध रूप से शराब पिलाते आरोपी विनोद पिता बाबु राव उम्र 50 वर्ष निवासी गौतम नगर , प्रंशात पिता स्व. सुरेश बाघ उम्र 26 वर्ष निवासी भगतसिह चैक डोंगरगढ व कुलदीप पिता बिरसिंग निषाद उम्र 45 वर्ष निवासी बेलगांव को पकडा गया है पुलिस ने तीनो आरोपीयों के विरूद्ध धारा 36 व आबकारी एक्ट की कार्यवाही की है ।

अवैध शराब बिक्री करने वाला गिरफ्तार

खरोरा। थाना अंतर्गत ग्राम चकवे मे पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा।प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना लगी कि ग्राम चकवे मे हीरा लाल चेलक पिता बाबू लाल चेलक उम्र 45वर्ष गाँव मे शराब बेच रहा है खरोरा पुलिस ने मौके पर पहुंच हीरा लाल चेलक से 26पौवा देशी शराब व300रूपये नगद जप्त कर खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 34(ए) अबकारी एक्ट के तहत मामला बना कार्यवाही की।

बिना अनुमति गाँव के स्कूल से काट दिए गए पेड़, राजस्व और वन विभाग करेगी कार्रवाई

महासमुंद/ सरायपाली। देशभर में पर्यावरण रक्षा के के लिए प्रतिवर्ष वृक्षारोपण और पेड़-पौधे को बचाने के नाम पर लाखो रु खर्च किया जाता है. लेकिन आज भी कुछ ऐसे लोग हैं जो वृक्षारोपण के नाम पर भ्रष्टाचार करतें है तो कुछ बेवजह बड़े वृक्ष को भी काटने से पीछे नहीं हटते. तो कहीं जंगलों पर अवैध रुप से अतिक्रमण कर जंगलों के विनाश का सिलसिला जारी है।

ग्रामीणों की अच्छी पहल गांव में लिया शराब बंदी का निर्णय

■ **शराब के साथ पकड़े गए तो होगा जुर्माना, बनवाया 20 रुपये का स्टाम पेपर**

लक्ष्मीकांत बंसोड़

खबर जरा हट के

डौंडी। डौंडी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बेलोदा के आश्रित ग्राम गोटूलमुडा के ग्रामीणों ने अनोखी पहल कर मिसाल कायम करने की सोची है ,जी हा गोटूलमुडा के ग्रामीणों ने अपने गांव में शराब को पूरी तरह से प्रतिबंधित करने के लिए 20 रुपये का स्टाम पेपर बनवाया है जो काबिले तारीफ है ,ग्रामीणों ने सर्व सम्मति से फैसल लेते हुए ,अपने अपने ईस्ट देवी देवताओं को स्टाम पेपर में साक्षी ।मानते हुए बताया कि अपने गांव को सरकार के मानस के अनुरूप आदर्श ग्राम बनाना चाहते है ,इस कारण गांव की साफ सफाई सुद्ध पेय जल व्यवस्था के साथ साथ सम्पूर्ण गांव में शराब बंदी ,व न ही शराब बनाया जाए ऐसा निर्णय लिया गया है ,जो भी गांव का व्यक्ति इस नियम का पालन नई करता पाया जाए तो उसको दो गांव के समस्त देवी देवताओं के पूजा पानी देनेदार के साथ साथ 1051 रुपये का आर्थिक दंड का भागीदार रहना बताया गया है,ग्राम के सुकलाल तुमरेटि ,नारायण कोला ,शिव कुमार मरकाम , अर्जुन सिंग मंडावी ,ज्ञानेश्वरी कोला ने बताया कि हम पूरे ग्रामीणों ने सहमति से फैसला लिया है ताकि हमारा गांव सुंदर गांव बन सके और आने वाले युवाओं का भविष्य बन सके क्योंकि अक्सर देखा गया है कि नसे के चलते ग्रामीण लड़ाई झगड़ा करते है ,विवाद की स्थिति निर्मित होती है और युवाओं में भी गलत असर पड़ता है इसलिए फैसला लिया गया है जिससे हमारा गांव सुंदर गांव बन सकेगा।

वही गांव के सरपंच जगनू राम मंडावी की माने तो बताया कि ग्रामीणों की बहुत अच्छी पहल है इस पहल से गांव का माहौल बहुत अच्छा रहेगा ,इस पहल का आस पास के ग्रामीण भी अनुकरण करना चाहिये जिससे नसा मुक्त राज्य का निर्माण किया जा सकेगा ।

बारनवापारा वनअभ्यारण्य क्षेत्र में अवैध शिकार के मामले में 5 आरोपी पकडाए

महासमुंद। बारनवापारा वनअभ्यारण्य क्षेत्र बार नवापारा क्षेत्रान्तर्गत अवैध शिकार के मामले में 5 आरोपी पकडे गए।जबकि एक फरार हो गया।वहीं देवपुर वन परिक्षेत्र अन्तर्गत भी एक व्यक्ति के पकडे जाने की जानकारी प्राप्त हुई है।शिकार के इस प्रकरण में अलग-अलग दो मामले बनाए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बार नवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र के ग्राम चरौदा में 5 व्यक्ति पकडे गए तथा एक फरार की तलाश जारी है।शिकार किस वन्यप्राणी किया गया है।फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही स्पस्ट पता चल पायेगा।जबकि पकडे गए आरोपियों के पास से पका हुआ मांस छापामार कार्यवाही के दौरान जप्त किया गया है।

आरोपियों से पुछे जाने पर वे इसे सांभर का मांस बता रहे हैं तथा शिकार करना कुबूल किए हैं।इस संदर्भ में अधीक्षक बार नवापारा अभ्यारण्य आर.एस.मिश्रा एवं परिक्षेत्र अधिकारी कृषाणु चन्द्राकर ने मुखबिरों की निशानदेही पर तालाशी अभियान छेडा।तब उन्होंने घर पर पकाते हुए मांस की जप्ती पकाने के बर्तन के साथ की है।पकडे गए आरोपी उक्त मांस और किन-किन लोगों को वितरित किया है अथवा बेचा है।

इसकी जानकारी आरोपियों से ली गई इसके पश्चात सघन जप्ती की कार्यवाही की गई।पकड़े गए आरोपियों में पुष्पराज पिता नरसिंह ठाकुर(45) तथा इनमें दो आरोपी पटेवा के पास ग्राम पताई निवासी गुलाब पिता मन्नू लाल (30) पवन पिता लाल जीत (30) साथ में पकड़े गए हैं।चरौदा निवासी अनुप पिता हरि सिंह जो कि पताई निवासी गुलाब का साढूभाई है फरार बताया जा रहा है।संजय (38),दिलीप (42)ग्राम चरौदा निवासी भी गिरफ्त में आये है।आरोपियों पर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम1972 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की जा रही है।

जिसमें अधीक्षक मिश्रा ने इस अधिनियम की मुख्यधारा में (9),(39),(49),(50) व (51) के तहत आरोपियों पर कार्यवाही की बात कही।आरोपियों को रिमांड के लिए कोर्ट में पेश करने की बात की है। वन अधिकारियों ने बताया कि शिकार वन क्षेत्र में अमूमन जहर खुरानी,बम का गोला बना कर,फंद्दा लगा कर,करंट एवं तीर-धनुष के माध्यम से शिकारियों द्वारा किया जाता रहा है।

दो माह के भीतर सड़क दरदरा, एसडीओ के सत्यापन पर सवाल

देवभोग। 2 माह पहले पंचायत द्वारा बनाई गई सड़क अब दरदरा होने के साथ टूटने भी लगी हैं। जिसे लेकर ग्रामीण अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए जिम्मेदार एस डी ओ की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत सुकलीभांठा पंचायत के आश्रित ग्राम धुपकोट प्राथमिक शाला बंद पारा से लेकर माड़ियाराम के घर तक विधायक मद के तहत 5 लाख की सीसी सड़क स्वीकृत किया गया रहा है । और प्रथम किश्त के रूप निर्माण एजेंसी के 40त्न से ज्यादा राशि जारी किया गया मगर सरपंच सचिव द्वारा ग्रामीण पंचायत विभाग के प्राक्कलन अनुसार मटेरियल का इस्तेमाल नहीं किया गया जिसके चलते महज 2 माह के भीतर ही सड़क दरदरा होने के साथ-साथ सड़क किनारे की मटेरियल टूट कर बिखर रही है। जिससे आने वाले दिनों में सड़क की हालत समय से पहले खराब होने की पूरी संभावना बताई जाती है। ऐसे में जिम्मेदार एसडीओ के सत्यापन पर सवालिया निशान खड़ा होता है । क्योंकि शत-प्रतिशत स्टीमेट अनुसार निर्माण कार्यों को संपादित कराना इंजीनियर एवं एसडीओ की होती है। लेकिन ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी से सड़क पुल चेक डैम सहित अन्य निर्माण कार्य समय से पहले ही खराब हो जाते हैं। जिसकी पर वाह उच्च अधिकारियों को भी नहीं होती यही कारण है कि सरपंच सचिव मनमानी तरीके से बिना स्टीमेट की परवाह किए जैसे तैसे मटेरियल का उपयोग कर सड़क बना लेते हैं। और अधिकारी आंख बंद कर ऐसे कार्यों का मूल्यांकन और सत्यापन भी बड़ी आसानी से कर देते हैं। इस सड़क पर भी जिम्मेदारों द्वारा उदासीनता बरता गया ग्रामीणों के अनुसार सीसी सड़क निर्माण के समय गुणवत्ता पूर्वक मटेरियल का उपयोग नहीं करने के साथ सड़क पूर्ण होने पर भी बमुश्किल 2 दिन पानी की तराई किया गया।

सीसी सड़क पर सही तरीके से मटेरियल का उपयोग किया गया है और पानी गिरने पर हल्का फुल्का ऊपर का घोल निकलता ही है

शिवकुमार नांरगे,
इंजीनियर

सीसी सड़क में दरदरा नहीं हुआ है हम भी देखे हैं

अनूप सिंह ठाकुर,
सचिव ग्राम पंचायत सुकलीभांठा